

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


होली खेलने के लिए घर पर इस ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com


सोमवार, 06 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 75 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों की जानकारी देने वाले को मिलेगा ढाई लाख का इनाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रयागराज में 2005के बसपा विधायक हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या में शामिल पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद सहित पांच लोगों के बारे में जानकारी देने वाले को रविवार को ढाई लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि गत 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या की घटना में शामिल पांच लोगों की गिरफ्तारी या सूचना देने पर ढाई लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि अरमान, पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के लिए यह इनाम घोषित किया गया है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की 2005में हुई हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की कुछ दिन पहले प्रयागराज में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी माफिया से नेता बना अतीक अहमद है, जो वर्तमान में गुजरात की एक जेल में बंद है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत के आधार पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, सहयोगी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



उन पर धारा 147 (दंगा), 148 (दंगे, घातक हथियार से लैस), 149 (गैरकानूनी सभा के प्रत्येक सदस्य को सामान्य वस्तु के अभियोजन में किए गए अपराध का दोषी), 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) 506 (आपराधिक धमकी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जया पाल ने आरोप लगाया कि उनके पति उमेश पाल राजू पाल हत्याकांड में मुख्य गवाह थे। वर्ष 2006 में अतीक अहमद और उसके सहयोगियों ने उनका अपहरण कर लिया और उन्हें अपने पक्ष में अदालत में बयान देने के लिए मजबूर किया था।

उमेश पाल ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी और मामला चल रहा था। गत 24 फरवरी को इस मामले में सुनवाई हुई, जिसके लिए उमेश पाल, उनका भतीजा और दो सुरक्षाकर्मी संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह कोर्ट पहुंचे। जया पाल ने आरोप लगाया था कि जब वे घर लौट रहे थे और उमेश पाल और उनके सुरक्षाकर्मी अपनी कार से उतरे तो अतीक अहमद के बेटे गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और उनके नौ सहयोगियों ने उन पर गोलियों और बमों से हमला कर दिया। इस घटना में उमेश पाल और उनके दोनों सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। प्रयागराज में एक मुठभेड़ में हमलावरों की कार कथित तौर पर चलाने वाला अरबाज मारा गया था।

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के नौसैनिक संस्करण का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली। नई दिल्ली, पीटीआई। भारतीय नौसेना ने



रविवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के युद्धपोत संस्करण का अरब सागर में सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी सीकर एंड बूस्टर लगा है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि मिसाइल में लगे स्वदेशी सीकर एंड बूस्टर को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ऐसी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करती है जिन्हें पनडुब्बी, युद्धपोतों, युद्धक विमानों या फिर जमीन से लांच किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल की रफ्तार 2.8 मैक है जो ध्वनि की रफ्तार से लगभग तीन गुना है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के युद्धपोत रोधी संस्करण का पिछला सफल परीक्षण गत वर्ष अप्रैल में किया गया था। भारत ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भी कर रहा है। पिछले वर्ष जून में भारत ने फिलीपींस के साथ इन मिसाइलों की आपूर्ति का 37.5 करोड़ अमेरिकी डालर का सौदा किया था।

## केद्र ने योजनाओं में डीबीटी पद्धति का उपयोग कर बचाए 27 बिलियन अमेरिकी डालरः आर्थिक मामलों के सचिव

हैदराबाद। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने रविवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में कहा कि भारत ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये 27 अरब डॉलर (एक बिलियन = एक अरब) से अधिक की बचत की है, क्योंकि यह तेज है और भ्रष्टाचार को खत्म करता है। वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक भागीदारी की दूसरी बैठक में अपना मुख्य भाषण देते हुए सेठ ने कहा कि भारत द्वारा निर्मित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) स्वाभाविक रूप से स्केलेबल, इंटरऑपरेबल, इनोवेशन–फ्रेंडली और समावेशी है।

## नागालैंड, मेघालय और त्रिपुरा में जीत के बाद शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। देश के उत्तर–पूर्वी राज्य, नागालैंड, मेघालय और त्रिपुरा में हुए चुनावों के परिणाम आने के बाद अब राज्यों में सरकार बनाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ही तीनों राज्यों के होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। मेघालय और नागालैंड में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सात मार्च को होगा जबकि त्रिपुरा में शपथ ग्रहण आठ मार्च को किया जाएगा। इस संबंध में मेघालय बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने बताया कि मेघालय में बीजेपी की सरकार को बहुमत



मिलने के बाद सात मार्च को राज्य में मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पीएम मोदी सात मार्च को सुबह 11 बजे यहां पहुंचेंगे। मेघालय का शपथ ग्रहण समारोह शिलांग में होगा। यहां से समारोह में हिस्सा लेने के बाद पीएम मोदी नागालैंड के लिए रवाना होंगे। हमें सरकार बनाने के लिए एनपीपी का समर्थन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हमने कोनराड संगमा से हमारे दोनों विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने का अनुरोध किया है। क्योंकि दोनों विधायक एलेक्जेंडर लालू हेक और सनबोर शुल्लई अनुभवी विधायक हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी पार्टी के दोनों विधायक कैबिनेट में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक कोनराड संगमा सात मार्च को लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। ये शपथ ग्रहण शिलॉन्ग में आयोजित होगा जहां पीएम मोदी भी राजभवन में उपस्थित होंगे। मेघालय बीजेपी प्रमुख अर्नेस्ट मावरी ने बताया कि बीजेपी ने इस चुनाव में दो सीटें जीती हैं और बीजेपी अध्यक्ष के निर्देश के बाद पार्टी ने सरकार बनाने के लिए एनपीपी को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ये पहला मौका है जब मेघालय में पहली बार प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मेघालय राज्य भाजपा प्रमुख ने यह भी कहा कि अगली सरकार पर्याप्त संख्या में विधायकों के साथ एक स्थिर सरकार बनेगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल पर टूटा दूखों का पहाड़, लाइसेंसी रिवॉल्वर से भाई ने की आत्महत्या

पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा



है। महाराष्ट्र के लातुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल चाकुरकर के भाई ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद की हत्या कर ली। मृतक की पहचान 81–वर्षीय हनमंतराव पाटिल के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक हनमंतराव पाटिल को चंद्रशेखर पाटिल के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने सुबह अपने घर पर लगभग नौ बजे लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसम मामले में पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हनमंतराव पाटिल के रूप में हुई है जो कि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल चाकूरकर के रिश्ते के भाई थे।

बता दें कि घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखर यानी हनमंतराव पाटिल ने देवघर स्थित घर में खुद को गोली मारी है। उन्होंने घटना को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांचने में जुटी हुई है कि मृतक ने ये कदम क्यों उठाया।

## टिपरा मोथा ने जो मुद्दे उठाए हैं, उन्हें हल किया जाना चाहिएः हिमंत विश्व शर्मा

अगरतला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि केंद्र और त्रिपुरा की नयी




सरकार को टिपरा मोथा द्वारा उठाये गये मुद्दों को हल करने की जरूरत है। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा, "भाजपा का मानना छ्है कि त्रिपुरा आज जैसा है वैसा ही रहेगा, लेकिन टिपरा मोथा द्वारा उठाए गए मुद्दों को भी हल करने की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि नयी सरकार निश्चित रूप से शिकायतों को सुनेगी। चुनाव खत्म हो गए हैं। साथ काम करने में कोई बुराई नहीं है। मूल निवासियों से संबंधित मुद्दों को एक जगह बैठकर सुना जा सकता है।"

त्रिपुरा में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी टिपरा मोथा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में शामिल होने की पेशकश को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उसे मूल निवासियों के लिए एक अलग राज्य ग्रेटर टिपरालैंड पर लिखित आश्वासन चाहिए। शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे काम की वजह से मिजोरम को छोड़कर पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में भाजपा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में आठ मार्च, जबकि मेघालय और नगालैंड में सात मार्च को शपथ ग्रहण समारोह होगा। शर्मा ने कहा कि त्रिपुरा में नयी सरकार चुनाव के उपरांत हुई हिंसा से निपटेगी और जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

## बुलंदशहर में जाली मुद्रा रखने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

बुलंदशहर। जिले के ककोड़




थाना क्षेत्र में पुलिस ने जाली मुद्रा रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सिकंदराबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि ककोड़ पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्तियों के पास नकली नोट हैं, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन दूसरा आरोपी फरार हो गया। उन्ह्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से नकली नोट बरामद किए गए और उसकी पहचान रिंकू के रूप में की गई है।

## ओडिशा सरकार के दो अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार के दो अधिकारियों को भ्रष्टाचार के



आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। सतर्कता विभाग की तरफ से यह जानकारी दी गई। विभाग ने बताया, खानन निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक उमेश चन्द्र जेना को तलाशी के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि इस दौरान कुल 1.64 करोड़ रुपये नकद, 650 ग्राम सोने के आभूषण, भुवनेश्वर में एक बहुमंजिला इमारत, क्योंझर में तीन इमारतें और पांच भूखंड, चार पहिया दो वाहन और दो मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किए गए। सतर्कता विभाग ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता, भवानी पाटन, के. प्रधान को भी तलाशी के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सतर्कता विभाग के निदेशक यशवंत जेठवा ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।






## तुनिषा शर्मा आत्महत्या मामले में आरोपी शीजान खान को मिली कोर्ट से जमानत, इतने दिन बाद आए जेल से बाहर

टीवी अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की आत्महत्या के मामले में आरोपी शीजान खान को जमानत मिलने के बाद वो जेल से बाहर आ गए है। महाराष्ट्र की एक अदालत ने शनिवार को तुनिशा शर्मा आत्महत्या मामले में अभिनेता शीजान खान को चार मार्च को जमानत दे दी थी। इसके बाद वो अगले दिन यानी पांच मार्च को जेल से रिहा हो गए है। टीवी सीरियल अली बाबा फेम एक्टर शीजान खान को तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें ठाणे जेल से रिहा किया गया है। जेल के बाहर उनकी बहनें उन्हें लेने पहुंची। बता दें कि




21 वर्षी टीवी अभिनेत्री तुनिषा शर्मा ने अपने शो अली बाबा के सेट पर 24 दिसंबर 2022 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए उनके पूर्व बॉयफ्रेंड शीजान खान पर आरोप लगा था, जिसके बाद उसे अगले दिन गिरफ्तार किया गया था। अब 25 दिसंबर के बाद चार मार्च को उन्हें अदालत ने जमानत दी थी, जिसके बाद पांच मार्च को वो जेल से बाहर आए है। वो बीते 70 दिनों से जेल में बंद थे, जिसके बाद पांच मार्च को वो बाहर आए है।

जेल के बाहर अभिनेता शीजान खान को लेने उनकी बहनें फलक नाज और शफक नाज पहुंची। दोनों बहनों के चेहरे पर भाई के जेल से बाहर आने की खुशी नजर आ रही थी। उनका परिवार लगातार शीजान को जेल से बाहर लाने के लिए कोशिशों में जुटा हुआ था। जानकारी के मुताबिक शीजान खान की कई जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थी, जिसके बाद वसई कोर्ट ने अंत में चार मार्च को उनकी जमानत याचिका को स्वीकार किया और एक लाख के मुचलके पर उन्हें जमानत दी गई। उन्हें कई शर्तों के साथ जमानत दी गई है। वो अभी देश के बाहर नहीं जा सकेंगे और उनका पासपोर्ट भी जमा किया गया है। जेल से बाहर रहने के दौरान शीजान सबूतों से छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगे।

# डीएम साहब लेखपाल के शह पर तालाब पर दबंगों ने बनाया पक्का मकान.... संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत

## 1 एकड़ का तालाब लगभग ढाई बीघा पर प्रधान ने कराया तालाब का सुंदरीकरण बाकी पर अवैध कब्जा बांस बल्ली लगाकर रास्ता भी दबंगों ने किया बंद

दैनिक बुद्ध का संदेश

ब्यूरो गोंडा । पीड़ित सोनू शुक्ला द्वारा मार्च माह के प्रथम शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर दिया तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायती पत्र। प्रशासन से लगाइए गुहार कहा दबंग ने रास्ते में बांस बल्ली लगाकर किया रास्ते को बंद वह तालाब पर बनाया पक्का मकान हटवाए जाने की उठाई मांग। थाना इटियाथोक के भवानीपुर उपाध्याय गांव के दबंग श्यामा देवी पत्नी राम सहाय तथा उनके पुत्रों के द्वारा योगी सरकार को दे रहे चुनौती तालाब पर ही बनाया पक्का मकान शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई उल्टे पीड़ित परिवार पर ही बनाया जा रहा दबाव। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा लगातार दबंगों पर की जा रही कार्रवाई तथा अवैध कब्जे दार पर चल रहा बुलडोजर लेकिन भवानीपुर उपाध्याय गांव के दबंगों ने योगी सरकार को ही चुनौती दे डाली कह रहे हैं कि हम नहीं डरते योगी सरकार से आखिर क्या यह दबंग महिला तथा उनके लड़के मुख्यमंत्री से भी ज्यादा बड़े हो गए हैं क्या ? आखिर क्यों नहीं हो रही इन पर कार्रवाई वही बार–बार थाने से लेकर जिला स्तर तक सभी अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे हैं पीड़ित रामचंदर व बेटा तथा बहू लगातार अधिकारियों से गिड़गिड़ा कर दबंगों पर कार्रवाई तथा रास्ता खुलवाने की मांग कर रहे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। दबंग लगातार दे रहे पीड़ित को धमकी हो सकती है बड़ी घटना कौन होगा जिम्मेदार आखिर क्यों नहीं हटवाया जा रहा अवैध कब्जा ?






## हल्का लेखपाल दे रहे तालाब अतिक्रमण पर सफाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोड़ा। भवानीपुर उपाध्याय स्थित गाटा संख्या 520 तालाब पर वर्तमान में दबंगों ने खड़ा किया पक्का मकान जोकि लगभग 5 बीघे से ऊपर का तालाब है वर्तमान में उस तालाब को प्रधान द्वारा सुंदरीकरण भी करा दिया गया है जो कि मौके पर दैनिक बुद्ध का संदेश के प्रतिनिधि द्वारा पहुंचकर पड़ताल किया गया तो देखा गया कि लगभग ढाई बीघा तालाब पर ही सुंदरीकरण किया गया है बाकी पर दबंगों ने बनाया पक्का मकान वाकिया अवैध कब्जा । जिस पर हल्का लेखपाल राकेश कुमार यादव से अतिक्रमण पर बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मौके पर पुलिस बल लेकर के रास्ते से अतिक्रमण हटवा दिया गया था अब वहां पर कोई अतिक्रमण नहीं है लेकिन जब संवाददाता द्वारा देखा गया तो वहां पर तालाब में ही पक्का मकान तथा सुंदरीकरण कराए हुई पटरी पर दबंगों के द्वारा रास्ता भी बंद कर दिया गया जिससे पीड़ित रामचंदर व उनका परिवार को आने–जाने में समस्याएं होने लगी जिससे संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही ना होना भी प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है योगी सरकार के द्वारा लगातार सरकारी जमीन व तालाबों पर अवैध कब्जे दार व अतिक्रमणकारियों के ऊपर लगातार कार्रवाई की जा रही लेकिन भवानीपुर उपाध्याय के तालाब पर अतिक्रमणकारिय पर आखिर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई आखिर क्या कारण हल्का लेखपाल द्वारा अभी तक तालाब की पैमाइश कराने के बाद क्यों नहीं शासन को भेजी गई रिपोर्ट लेखपाल के ऊपर भी उठ रहा सवाल। आखिर क्यों अधिकारियों को किया जा जा रहा घूम रहा। अब देखना यह है कि जिले के अधिकारी करेंगे दबंगों पर कार्रवाई या यूं ही क्षेत्रीय अधिकारियों के फर्जी रिपोर्ट पर करते रहेंगे लीपापोती आखिर क्यों नहीं हटया जा रहा।

## थाने से लेकर जिला प्रशासन की चौखट पर नाक रगड़ने को मजबूर पीड़ित परिवार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक,गोड़ा। थाने से लेकर पीड़ित रामचंद्र व उनका परिवार जिला प्रशासन की चौखट पर नाक रगड़ रहा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है आखिर क्या कारण है कि योगी सरकार के आदेशों को भी अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा नजरअंदाज वही पीड़ित परिवार को लगातार प्रताड़ित भी किया जा रहा इस संबंध में पीड़ित परिवार रामचंदर व उनके बेटे व बहू से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि अगर मेरे साथ कोई घटना होती है तो इसका पूरा जिम्मेदार जिला प्रशासन व दबंग श्यामा देवी व उनके बेटे होंगे दबंगों द्वारा लगातार गाली गलौज भाग मारा पीटा भी जा रहा लेकिन थाने से लेकर जिला प्रशासन तक कोई सुनने को तैयार नहीं ?

## शत्रु संपत्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कर लिया था कब्जा,अब करना पड़ेगा खाली, नोटिस चस्पा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा।नगर कोतवाली के फैजाबाद रोड स्थित रकाबगंज मोहल्ले में शत्रु संपत्ति की जमीन पर कब्जा कर नगर पालिका अध्यक्ष उज्मा राशिद ने कब्जा कर निवास बना लिया था। अब प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया है।शनिवार को जिला प्रशासन की तरफ से नपाप अध्यक्ष को मकान खाली करने के लिये रकाबगंज स्थित आवास पर नोटिस चस्पा कर दी गई है। शत्रु संपत्ति की जमीन पर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन उज्मा राशिद ने किराएदार के रूप में रहते हुए नियम विरुद्ध नक्शा स्वीकृत कराकर निर्माण करा लिया था। वर्ष 2021 में शिकायत मिलने पर तत्कालीन जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने इस मामले के जांच के आदेश देकर एडीएम राकेश सिंह व नगर मजिस्ट्रेट वंदना त्रिवेदी के रूप में दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। संबंधित जांच कमेटी से स्थलीय व अभिलेखीय जांच करके एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई थी। जांच करने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी थी लेकिन उसके बाद यह मामला फाइलों के नीचे दब गया था। लेकिन अब जिला प्रशासन ने इस मकान को खाली करने के लिए नगर पालिका परिषद की चेयरमैन उज्मा राशिद को नोटिस दिया है। नोटिस में रकाबगंज स्थित मकान संख्या 15 व दुकान संख्या 16 को तत्काल प्रभाव से खाली करने के लिए निर्देशित किया गया है। शनिवार को नोटिस उनके रकाबगंज स्थित आवास के बाहर चस्पा कर दी गई है।पाकिस्तान बंटवारे से जो लोग संपत्ति छोड़कर पाकिस्तान चले गए और वहां के नागरिक हो गए थे। उनकी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित करके शासन ने अपने संरक्षण में ले लिया था। 2017 में शत्रु संपत्तियों के मामले में केंद्र सरकार की ओर से संशोधन किया गया,और कई तरह के नियंत्रण किए गए। इसके बाद से लोगों की निगाहें शत्रु संपत्तियों पर टिक गई थी। अधिकांश सम्पत्तियों को लोगो ने कब्जा कर लिया है ऐसे जिन सम्पत्तियों की जानकारी हो रही है प्रशासन उसे खाली करा रहा है अभी कुछ माह पूर्व तरबगंज क्षेत्र में कुछ लोगो द्वारा शत्रु सम्पत्ति के खेत पर कब्जा कर लिया था जिसे प्रशासन ने खाली कराकर शत्रु सम्पत्ति का बोर्ड भी लगवा दिया है।

## गैंगेस्टर का आरोपी गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर के आरोपी युवक को सुबह अमसिन बाजार से गिरफ्तार किया है।एसएचओ अक्षयकुमार के मुताबिक पकड़े गए आरोपी युवक की पहचान युवराज पुत्र तुलसीराम निवासी अमसिन कोतवाली गोसाईगंज जनपद अयोध्या के रूप में हुई।आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में गोवध निवारण अधिनियम व गैंगेस्टर अधिनियम के तहत केस दर्ज है।आरोपी युवक काफी दिनों पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था।आरोपी को गिरफ्तार करने में एसएसआई देवेंद्रनाथराय, सिपाही सुधीर चौरसिया व कादिर अंसारी की भूमिका रही।

## ट्रक और बाइक में जोरदार टक्कर बाइक सवार महिला की मौत 2 अन्य घायल हालत गंभीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। थाना कोतवाली देहात के सालपुर चौकी अंतर्गत रविवार दोपहर ट्रक और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई बाइक पर 3 लोग सवार थे। जिसमें बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई तथा एक का पैर बुरी तरह कट गया तीसरा गंभीर रूप से घायल। पुलिस चौकी सालपुर चौकी प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर 3 लोग बाइक से आ रहे थे जिसमें एक महिला भी थी। गोंडा उतरौला मार्ग सालपुर बाजार में हनुमानगढ़ी मंदिर के पास ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिसकी चपेट में आने से महिला की मौके पर मौत हो गई तथा एक का पैर कट गया और दूसरा भी गंभीर रूप से घायल है। महिला को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतिका रानी उर्फ अंजू पुत्री मालिक राम सोनकर, घायल सुंदर लाल सोनकर पुत्र मालिक राम सोनकर ग्राम पंचायत घरवासजोत थाना मोतीगंज गोंडा व दिनेश पुत्र राम कुमार पीरापोखर मनकापुर के निवासी थे। जो किसी कार्य से कहीं जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक संख्या न्‍61ज्4952 ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा बाइक सवार एक की पैर कट गया और दूसरा भी गंभीर रूप से घायल है। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है जबकि ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है उसकी तलाश की जा रही है।



## धन्नीपुर में मस्जिद के निर्माण को मिली मंजूरी

### निर्माणाधीन राम मंदिर से 22किमोमीटर दूर है धन्नीपुर मस्जिद

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने .यहां धन्नीपुर मस्जिद के निर्माण को अंतिम मंजूरी दे दी। अयोध्या में विवादित स्थल पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने धन्नीपुर में 5 एकड़ जमीन दी थी। इस जमीन पर एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और एक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाना है। बता दें, मंजूरी न मिलने और एडीए द्वारा भूमि उपयोग के परिवर्तन के मामले के कारण मस्जिद के निर्माण में दो साल से अधिक की देरी हुई। अयोध्या के संभागीय आयुक्त और एडीए के अध्यक्ष गौरव दयाल ने कहा हुई बोर्ड बैठक में अयोध्या मस्जिद की परियोजना को मंजूरी दे दी गई है।

कुछ विभागीय औपचारिकताओं के बाद स्वीकृत नक्शे कुछ दिनों में इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन को सौंप दिए जाएंगे।

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने बताया कि सभी मंजूरी मिलने के बाद एक बैठक की जाएगी और मस्जिद के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। हुसैन ने कहा, 21 अप्रैल को समाप्त होने वाले रमजान के बाद ट्रस्ट की बैठक होगी। उस बैठक में मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू करने की तारीख को अंतिम रूप दिया जाएगा।

अतहर हुसैन के अनुसार धन्नीपुर मस्जिद बाबरी मस्जिद से बड़ी होगी। आपको बता दें अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल से धन्नीपुर मस्जिद स्थल लगभग 22 किमी दूर है।अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और पुस्तकालय के निर्माण की मंजूरी के लिए जुलाई 2020 में अयोध्या विकास प्राधिकरण में आवेदन किया गया था। गौरतलब है कि नौ नवंबर, 2019 को एक ऐतिहासिक फैसले में उच्च्चतम न्ध्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का आदेश दिया था और सरकार से जिले में एक प्रमुख स्थान पर मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित करने को कहा था।

## कविता.

### स्वाभिमान या अभिमान, मिटाए रिश्तो से जान

स्वाभिमान या अभिमान,  
मिटाए रिश्तो से जान।  
हो कितना भी प्यारा रिश्ता  
अहं में हो जाए सब धूल समान।  
रिश्ते कितने भी हों मार्मिक,  
अहं आता है सबके आड़े  
बर्बाद कर दे सारे रिश्ते,  
जो इस के चक्कर में पड़े।  
स्वाभिमान है या है अभिमान.....  
अहं जब अंतर्मन में समाए,  
मैं–मैं की स्थिति हो जाती है।  
रिश्ता कोई समझ ना आए,  
सब अपने लगते हैं पराए।  
स्वाभिमान है या है अभिमान...  
बेटा न समझे मां–बाप को,  
अहं जब आड़े आता है।  
पत्नी न समझे पतिदेव को,  
परिवार बिखरता जाता है।  
स्वाभिमान है या अभिमान...  
रिश्ता प्रभावित घर प्रभावित,  
समाज प्रभावित हो जाता है।  
दिल की भी सुनता नहीं कोई,  
अहं जब सामने आता है।  
स्वाभिमान है या है अभिमान३..  
रिश्ते जीवन की अनमोल धरोहर,  
मैं की बू न आड़े आने दो,  
रिश्तों की डोर को सिल जाने दो।  
चलिए जनाब मैं ही झुक जाती हूं  
अहं की होलिका जलाती हूं।  
स्वाभिमान है या है अभिमान  
अहं मिटाए रिश्तों से जान।।



डॉ सीमा मिश्रा/ दैनिक बुद्ध का सन्देश

## भावनात्मक जुड़ाव के साथ बुधिमत्ता का होना जरूरी : प्रो. एसएस मिश्र

### –विवि के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में व्याख्यान का आयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षांत सप्ताह के तहत गणित एवं सांख्यिकी विभाग में "रिलेशनशिप बिटवीन इमोशनल कोसेंट एवं मैथमेटिकल स्किल" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो0 एसएस मिश्र ने कहा कि मानव में भावनात्मक जुड़ाव के साथ बुधिमत्ता का होना बहुत जरूरी है। ऐसे व्यक्ति अच्छे इंसान माने जाते है। उन्होंने बताया कि भावनात्मक व बुद्धिमत्ता में बुद्धि, भावना तथा आध्यात्म का सुन्दर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति का गणितीय चिंतन अभीष्ट स्तर का होता है। इनमें स्मरण शक्ति भी साधारण लोगो के मुकाबले ज्यादा पाई जाती है। कार्यक्रम में बतौर वक्ता वरिष्ठ मनोपरामर्शदाता डॉ0 आलोक मनदर्शन ने भावनात्मक एवं गणितीय मस्तिष्क के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि एमीकांडला ग्रंथि भावनात्मक मस्तिष्क का द्वार है। मनुष्य का मस्तिष्क दो हिस्सों में बटा होता है।

भावनात्मक एवं गणितीय बाएं और दाहिने भाग में क्रमशः स्थित है। उन्होंने बताया कि शरीर की सबसे मजबूत मांसपेशी हृदय है जिसका जुड़ाव भावनात्मक है। डॉ0 मनदर्शन ने भावनात्मक बुद्धि के पांचों अवयवों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणितीय मस्तिष्क को हमेशा भावनात्मक मस्तिष्क की जरूरत पड़ती है। इसके लिए सकारात्मक कार्य करते रहने चाहिए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0 चयन कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अभिषेक सिंह ने किया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 एसके रायजादा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीके द्विवेदी, डॉ. संदीप रावत, शलिनी मिश्रा, अनामिका पाठक सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रही।

## बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र में नाबार्ड योजना 27 से होगा सड़क का निर्माण

### सड़क निर्माण से सुगम होगा आवागमन- महेन्द्रनाथ यादव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती । बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि नाबार्ड योजना 27 द्वारा साऊंघाट विकास खण्ड क्षेत्र के बस्ती कांटे मार्ग पर कुसम्हा भट्टे से उदयपुरवा होते हुये विगहिया तक दूरी लगभग साढे तीन 3 किलोमीटर का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जायेगा। विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि क्षेत्रीय नागरिक लगातार मांग कर रहे थे कि उक्त सड़क का निर्माण हो। उन्होने शासन स्तर पर पहल किया जिसकी स्वीकृति हो चुकी है। उन्होने बताया कि लगभग 2 करोड़ 23 लाख 74 हजार की लागत से उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जायेगा। इससे जहां क्षेत्र का विकास होगा वहीं आवागमन में सुविधा बढ जायेगी। उदयपुरवा होते हुये विगहिया तक लगभग साढे 3 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति होने पर सपा नेता सरयू यादव, विनय यादव भोला, नजीर अहमद, शेषनाथ कन्नौजिया, लालजीत चौधरी, पूर्व ग्राम प्रधान भुट्टुर के साथ ही अनेक नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।



## मां विन्ध्यवासिनी दरबार में परंपरागत छह दिवसीय होली का हुआ शुभारंभ

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में प्राचीन परंपरागत होली गायन का शुभारंभ उत्कृष्ट रागों व तालों के माध्यम से हुआ। विन्ध्य पंडासमाज द्वारा आयोजित छह दिनों तक चलने वाले इस होली समारोह की शुरुआत प्रत्येक वर्ष रंगभरी एकादशी को प्रारम्भ होती है, जिसका समापन होलीकादहन के दूसरे दिन चौती गायन से किया जाता है। विभिन्न प्रकार के प्रचलित रागों जैसे काफी, खमाज, पीलू, देश इत्यादि रागों में निबद्ध आकर्षक साहित्यों से सजे होली गीतों को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग मंदिर प्रांगण में एकत्रित होते है। मां विन्ध्यवासिनी की आराधना से प्रारंभ हुए होली गायन में राधाकृष्ण के प्रसंगों पर आधारित होली गायन से समूचा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक मंत्रमुग्ध तथा झूमने पर विवश कर देने वाले होलीगीतों से प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालु भी खूब भावविभोर होकर झूमते नाचते नजर आए। होलीगायन प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में वशिष्ठनारायण पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, धर्मेन्द्र भट्ट, शिवशक्ति पाण्डेय, विजयशंकर सोनी, रविशंकर शास्त्री इत्यादि कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से बारी बारी से अपनी प्रस्तुति दी। संगत पर रवि द्विवेदी तबला, रंगनाथ ढोलक, उस्ताद तौलन शहनाई तथा धर्मेन्द्र भट्ट व रजत शर्मा ने हरमोनियम के माध्यम से गायन में चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, मंत्री भानु पाठक, कोषाध्यक्ष तेजन गिरी, कुलदीप पाण्डेय इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेखा श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बीबी मिश्रा जी द्वारा क्राइम ब्रांच इंफॉर्मेशन शक्ति मिश्रा के द्वारा समाज सेविका के रूप में जनपद में कई सराहनीय कार्य करने वाली समाजसेविका रेखा श्रीवास्तव जी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर क्राइम ब्रांच इंफॉर्मेशन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।

# भाजपा की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

## पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को किया सम्बोधित





दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत विधानसभा स्तरीय एक कार्यशाला डुमरियागंज के शाहपुर स्थित ठाकुर द्वारा मन्दिर प्रांगण में आहूत की गई। जिसमें बूथ स्तर तक संगठनात्मक विषयों पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी गई। रविवार को दोपहर में विधानसभा डुमरियागंज में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला व कामकाजी बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का आरम्भ पं. दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण, पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन व वन्देमातरम गान से किया गया। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है। आगामी लोकसभा व नगर निकाय चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एक–एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति बना कर आगे बढ़ रही है। भाजपा का पूरा फोकस प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने में है। जिसके लिये भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान आरंभ किया है। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के महत्त्व को बताते हुए विवरण पूर्वक कार्य करने का मार्ग प्रशस्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ मजबूत हो, इसके लिये सभी कार्यकर्ता को सहयोग रूप के कार्य करना है। 31 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण के समस्त कार्य पूरा करना निर्धारित किया गया है। गठित बूथ समितियां क्रियाशील रहे, इसकी चिंता करनी हैं। बूथ समितियों का सत्यापन भी आवश्यक किया गया है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उ०प्र० व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बूथ सशक्तिकरण अभियान की बारीकियों को विस्तार से बताया और कहा कि हर बूथ को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। जिसमे बूथ समितियों का गठन, सत्यापन और कार्य विभाजन, पन्ना प्रमुख की नियुक्ति, बूथों पर व्हाट्सअप ग्रुप का निर्माण, मन की बात कार्यक्रम में उपस्थिति और जानकारी की व्यवस्था एवं बूथ समितियों और पन्ना प्रमुखों की सरल एप में पूर्ण डाटा एंट्री कार्य करना हैं। बूथ कमेटियों का सत्यापन भी जरूरी कर दिया गया है। सशक्त बूथ कई बार चुनाव की रणनीति ही बदल देता है। बूथ के सशक्त होने का सीधा फायदा चुनाव में मिलेगा। जब तक किसी राजनीतिक दल के पास मजबूत कार्यकर्ताओं की फौज नहीं रहेगी, वह सरकार नहीं बना सकता है। पूर्व की सरकारें गुंडे और माफियाओं के सहारे बनती थी, लेकिन भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं व समर्थकों के सहयोग से चुनाव में विजय श्री प्राप्त करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुसूदन अग्रहरि व संचालन नीरज मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर शिवनाथ चौधरी, दीपक मौर्या, दिलीप चतुर्वेदी, लवकुश ओझा, अशोक अग्रहरि, अजय पाण्डेय, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर दिवेदी, विनय पाठक, राजकुमार चौधरी, उदयशंकर श्रीवास्तव, राजीव अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, रमेश सोनी, कमलेंद्र त्रिपाठी, बीना देवी, गणेश विश्वकर्मा, शत्रुधन मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## होली पर्व को लेकर एसडीएम एवं सीओ ने किया पैदल मार्च

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार। रविवार को कस्बा में पुलिस फोर्स के साथ



एसडीएम ललित मिश्र एवं सीओ अखिलेश वर्मा ने मुकामी पुलिस फोर्स के साथ कस्बा में पैदल मार्च कर लोगो को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के लिये अपील किया।कस्बा के पड़ाव में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धनेश वर्मा एवं अभिषेक त्रिपाठी, महंथ लाल बहादुर दास आदि से बातचीत करते हुए एसडीएम एवं सीओ ने होली के दौरान बच्चो पर निगरानी करने के लिए कहा। व्यापारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। होली जुलूस के रुट पर भी विचार विमर्श हुआ। होलिका दहन स्थल की जानकारी लिया। इस दौरान अमरेश वर्मा, अजय वर्मा, विभूति अग्रहरि, मनोज जायसवाल, बलराम जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुगही में अंबेडकर मूर्ति स्थापना के लिए हुआ शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुगही में मिनी सचिवालय के सामने स्थित अंबेडकर स्मृति पार्क में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना हेतु ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरद कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में सेवानिवृत शिक्षक राम निवास दुबे द्वारा नींव में पाँच ईट रखकर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर आनन्द कुमार सुमन, गुलाब चंद्र, श्रीचंद्र, दिवाकर दुबे राधेश्याम, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, चंद्रभान, सुभाष चंद्र, अंबिका, पवन, दिलीप कुमार विद्यार्थी, दीपक कुमार, सिद्धार्थ ,आशीष, शिव सागर,विमलेश, गोविंद सहनी ,श्याम शर्मा, गुड्डू,गौरव,विकास कुमार, शिवा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# जाति का प्रमाण पत्र जारी न होने से पीड़ित परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के गौरा बाजार निवासी सचिन कुमार गुप्ता द्वारा आवेदित कान्दू जाति प्रमाण पत्र (पिछड़ी जाति) तहसील प्रशासन द्वारा निर्गत न किये जाने के मामले को लेकर

- **कान्दू जाति प्रमाण पत्र जारी न होने का मामला पहुंचा डीएम के पास, तहसीलदार पर लगाया मनमानी का आरोप**
- **शोहरतगढ़ तहसील के तहसीलदार है राजेश प्रताप सिंह**



अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय महामंत्री बसंत कुमार गुप्ता की अगुवाई में सभा के मंडलीय व जनपदीय पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल ने प्रमाण पत्र जारी कराने को लेकर जिला अधिकारी संजीव रंजन के पास मामले को पहुंचा कर प्रमाणपत्र जारी कराने की गुहार लगाई। राष्ट्रीय महामंत्री बसंत कुमार गुप्ता ने जिला अधिकारी को दिये मांग पत्र ने कहा की कान्दू जाति का प्रमाण पत्र जारी न होने से पीड़ित काफी परेशान है। पूर्व के दिनों में परिवार के अन्य सदस्यों का प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। फिर भी तहसील प्रशासन द्वारा आनाकानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल की मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया। शोहरतगढ़ तहसील के गौरा बाजार निवासी सचिन कुमार गुप्ता ने कान्दू जाति का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए काफी समय पहले तहसील पर आवेदन किया। क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री से भी सिफारिश की। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ के समक्ष भी प्रस्तुत किया, लेकिन तहसीलदार ने अनदेखी कर दी। नवम्बर व दिसम्बर माह में ही मामले को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय से चार सदस्य जांच टीम गठित कर स्थलीय जांच करते हुए प्रकरण के निस्तारण का आदेश दिया गया था। लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि तहसील प्रशासन द्वारा पीड़ित को परेशान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि पहले भी पत्र जारी कर मामले के निस्तारण के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया जा चुका है। पुनः उन्हें इस पर सख्त हिदायत दी जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सबल, संत कबीर नगर जिला अध्यक्ष विजय कुमार कान्दू, सिद्धार्थ नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, रामानंद, शिवम कुमार, सचिन कुमार गुप्ता, रामशंकर, सतीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जब शोहरतगढ़ तहसीलदार से उनके सीयूजी नम्बर पर 6 बजकर 39 मिनट पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका नम्बर सम्पर्क से बाहर बता रहा था।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धुमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**लोगों ने एक दूसरे पर फूलों, अबीर,गुलाल की बारिश कर व गले लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी**





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नौगढ़ नगर इकाई ने रविवार की सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह में संघ के स्वयंसेवक, भाजपा के पदाधिकारी और नगर के अन्य लोगों ने एक दूसरे पर फूलों, अबीर,गुलाल की बारिश कर व गले लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। लोगों को संबोधित करते हुए संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने कहा कि होली भाईचारा बढ़ाने वाला प्राचीन त्योहार है। विदेशियों ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और परंपरा पर भी कुठाराघात किया था, लेकिन होली के रंग ने ऐसा नही होने दिया। होली के रंग में सभी लोग एक जैसे नजर आते हैं, यह हमारी एकता व अखंडता को बनाए रखने में आवश्यक है। होली हिंदू वर्ष का अंतिम त्योहार है, ऐसे में चाहिए कि वर्ष भर का गिला शिकवा मिटाते हुए लोगों को गले लगाकर होली मनाएं। इसके उपरांत लोक गायक अनिरुद्ध मौर्या द्वारा गाए फाग होली खेले रघुबीरा, आज बिरज में होली, खेले मसाने में होली सहित दर्जनों गीतों पर लोग झूमने लगे। इस दौरान मुरलीधर अग्रहरि, गोविंद माधव, नगर प्रचारक अभय, प्रधानाचार्य राकेश, लालजी त्रिपाठी, राजू सिंह, राकेश दत्त त्रिपाठी, गुड्डू त्रिपाठी, रूपेश सिंह, एसपी अग्रवाल, श्याम बिहारी जायसवाल, अभय त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, विकास, सत्यम, आलोक, अशोक त्रिपाठी, अंकित त्रिपाठी, मनोज कुमार, मनीष अग्रहरि, प्रदीप, अरुण, शिवा आदि मौजूद रहे।

## बंद पड़ा है मिनी प्लांट वाटर,लोग पानी पीने को परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार में लगाए गए मिनी प्लांट वाटर कई माह से बंद पड़ा हुआ है लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है मिनी प्लांट वाटर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए है उसका राजा , परती बाजार, आद्या प्रसाद , नगर पंचायत उसका बाजार कार्यालय और पानी टैंक के पास आदि जगहों पर लगाए गए वही कस्बे के निवासी संतोष , शलीम, सोनू श्यामुल्लाह ने कहा कि कई माह से मिनी प्लांट वाटर बंद पड़ा हुआ है अभी तक चालू नही किया गया जोकि की ग्रीष्म ऋतु का मौसम भी आ गया है जब मिनी प्लांट चालू था तो लोग पानी लेने के लिए जाते थे अब बंद पड़ा हुआ जिससे लोगो को समस्याएं भी हो रही है। नगर पंचायत के ईओ विंध्याचल ने कहा कि जल्द से जल्द मिनी प्लांट वाटर चालू कराया जाएगा।



# गुरुकुल कानवेंट स्कूल में ग्यारहवां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन





दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। सियरापार ग्राम में स्थित गुरुकुल कानवेंट स्कूल का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के प्रतिनिधि प्रिन्स शर्मा द्वारा विद्या कि देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित करके भव्य उदघाटन किया। वार्षिकोत्सव कि शुरूआत सरस्वती वन्दना से हुआ जिसमें कक्षा आठ व नौ कि प्रीति, अंशिका, समीक्षा, मेनका, चांदनी, पलक, इशिका, श्रेया, कृतिका, प्रतिभा, शिवांगी और अनुष्का आदि छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद नवीं कक्षा के छात्रों द्वारा गणेश वन्दना प्रस्तुत किया गया जिसमें आदित्य तिवारी, सावन गुप्ता, मो कैफ, मो सैफ अनिल, बाल कृष्ण, विशेष, विजय, आदित्य दूबे व अनुराग शामिल रहे। स्वागत गीत श्रेया, श्रुति, आंचल, बरसा, इशिता, अराध्या, पल्लवी, वैष्णवी, समीक्षा और साहिबा द्वारा प्रस्तुत किया गया। फैशन शो और के जी डांस को विद्यालय में कक्षा पाँच तक पढ़ने वाले बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बाहुबली=2को विद्यालय के छात्र पवन राज, अमन, कमलाकांत राज, शशि कपूर, प्रिन्स, पियूष और अनमोल ने प्रस्तुत करते हुए सभी का मनमोह लिया। मध्यरात्रि तक लगभग चले वार्षिकोत्सव समारोह में बम बम भोले मस्ती में डोले, उड़ी उड़ी जाए दिल कि पतंग उड़ी उड़ी जाए, फैशन का है ये जलवा आदि गीतों एवम अन्य प्रस्तुतियों पर उपस्थित तमाम अभिभावक व श्रोताओं द्वारा तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया जाता रहा। मुख्य अतिथि प्रिन्स शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव छोटे छोटे बच्चों के भीतर कि प्रतिभा को निखारने का कार्य करने के साथ ही उनके अन्दर मंच पर चढ़ने और बोलने के छिपे हुए भय को भी दूर करता है। इस तरह के कार्यक्रम को मनोरंजन कि दृष्टि से देखने के साथ ही उनके अन्दर कि छमता को भी उजागर करना होता है, इस कार्यक्रम में मुझे बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को ह्रदय से आभार प्रकट करता हूं। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में विद्यालय के प्रबंधक शैलेश पाण्डेय,प्रधानाचार्य नेहा पाण्डेय अध्यापक रामजीत, मुस्तकिम, हनुमान, विमलेश, श्रीपति, मोहसिन, शैलेंद्र, आमिर, ताहिर, ओंकार, कंचन, सहनाज, अल्फिया, पूजा, रिया, सिद्धि, अंकित, लक्ष्मी, रिद्धि, नीतू, साधना और समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## लेखक जीएच कादिर व पत्रकार दीपक श्रीवास्तव को नेपाल में किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।नेपाल की साहित्य संस्था नव कपिलवस्तु साहित्य समाज द्वारा अयोजित पुस्तक लोकार्पण एवं गोष्ठी कार्यक्रम में लेखक जीएच कादिर व पत्रकार दीपक श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया है।



नेपाल के कपिलवस्तु में आयोजित भव्य साहित्य समागम में सिद्धार्थनगर के लेखक एवं साहित्यकार जीएच कादिर को संस्था के अध्यक्ष श्याम लाल श्रीवास्तव एवं नेपाल राष्ट्र के पूर्व सांसद एवं मंत्री बृजेश कुमार गुप्ता के हाथों सम्मानित किया गया । इस मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री नेपाल बृजेश गुप्ता ने कहा कि जीएच कादिर की लिखी पुस्तक सिटी वर्सेज गांव को मैने पढ़ा है जो बेहद शानदार और प्रासंगिक है । सम्मान पत्र प्राप्त करने के बाद पत्रकार दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि अवधी भाषा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस 3 दिवसीय कार्यक्रम में नेपाल के कई जाने माने लेखक, साहित्यकार मौजूद रहे । जीएच कादिर व दीपक श्रीवास्तव के सम्मानित होने पर अष्टभुज शुक्ला , नियाज कपिलवस्तवी, रत्नेश शुक्ला,अजय श्रीवस्तव, मेंहदी रिजवी, विक्रांत श्रीवास्तव, राजेश यादव, पुरुषोत्तम दूबे,दिलीप श्रीवास्तव,देवी प्रसाद, सफायत अली,सच्चिदानंद पाण्डे, सलमान आमिर, वसीम अकरम,शैलेंद्र कुमार दूवे,अनुराग श्रीवास्तव, आलोक श्रीवस्ताव, अहमद शकील, इरफान मिर्जा, सुधीर श्रीवास्तव, अबू आसिम शाही, नूर अहमद नूर, पवन यादव, लोमास पाण्डे,देवानंद पाठक नीरज श्रीवास्तव, प्रदीप आदि ने बधाई दी है ।

## सम्पादकीय

**जिसके लिए भगवान श्री राम चंद्र जी का रूप ही स्वाती नक्षत्र का मेघ है। इसके साथ ही जो स्वयं चातक की भांति उन्हीं की ओर देख रहा है। वह संत है। प्रभु श्री राम के प्रति अगाध निष्ठा के भाव से ही यह संभव है। प्रातः स्मरणीय कविराज गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज जी ने वैराग्य संदीपनी की रचना की। इसमें कुल...**

# संत समाज का निर्माण गोस्वामी तुलसीदास का अभियान था



मध्यकालीन भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में गोस्वामी तुलसीदास जी एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनके पास एक संतुलित सामाजिक व्यवस्था है। दरअसल वे लक्षित लक्ष्य को लेकर प्रभु श्रीराम के नाम का स्मरण करते हुए कहा संत समाज के निर्माण के प्रति सन्नद्ध होते हैं। श्री रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं संत हृदय नवनीत समाना। अर्थात संतों का हृदय मक्खन के सदृश होता है। आप माखन को देखिए तो यह अनुभव करेंगे कि स्पर्श और देखने में वह कितना मुलायम होता है। प्रश्न यह है कि संत मिलते कैसे हैं और कैसे व्यक्ति संत अर्थात सज्जन बन जाता है। गोस्वामी तुलसीदास जी मानस में ही लिखते हैं कि बिनु हरि कृपा मिलई नहिं संता। अर्थात बिना प्रभु श्री राम की कृपा के न तो संत मिलते ही हैं और न ही संत बना जा सकता है। दरअसल गोस्वामी जी का युग मानवता के अवमूल्यन का युग था। प्रायः शासकीय बर्बरता हिंसा सामान्य व्यक्ति को धर्मांतरण के लिए मजबूर करती थी। महाराणा प्रताप के घास की रोटी खाने वाली बात को निश्चित रूप से गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी सुना होगा। हल्दीघाटी के युद्ध से भी वे अवगत रहे होंगे। तब आज की तरह लोकतंत्र नहीं था। न तो धार्मिक स्वतंत्रता नागरिक अधिकार ही था। मध्यकालीन भारतीय इतिहास में पहली बार संत समाज के निर्माण की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से गोस्वामी जी ने सचेत ढंग से कवि कर्म अपनाया। कवि कर्म की सफलता और युगीन जन जागरण के लिए श्री राम के नाम का आश्रय लिया।संत समाज के निर्माण के लिए ही गोस्वामी तुलसीदास जी ने बाकायदा वैराग्य संदीपनी का प्रणयन किया। वे वैराग्य संदीपनी में ही लिखते हैं कि एक भरोसो एक बल, एक आस बिस्वास। रामरूप स्वाती जलद, चातक तुलसीदास। अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं कि जिसको एक मात्र भगवान श्री राम का ही आश्रय है। एक मात्र भगवान का ही जिसको बल है। एक मात्र उन्हीं से जिसको आशा है और उन्हीं का भरोसा है। जिसके लिए भगवान श्री राम चंद्र जी का रूप ही स्वाती नक्षत्र का मेघ है। इसके साथ ही जो स्वयं चातक की भांति उन्हीं की ओर देख रहा है। वह संत है। प्रभु श्री राम के प्रति अगाध निष्ठा के भाव से ही यह संभव है। प्रातः स्मरणीय कविराज गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज जी ने वैराग्य संदीपनी की रचना की। इसमें कुल 62 छंद ( दोहे, चौपाई , सोरठे) हैं। जिनमें तीन प्रकाश हैं। पहले 7 छंदों में मंगलाचरण, भगवान श्री राम की वंदना, उनके स्वरूप का निरूपण और वैराग्य संदीपनी ग्रंथ की प्रशंसा है। फिर 26 छंदों में संत स्वभाव वर्णन रूप प्रथम प्रकाश है। दूसरा प्रकाश संत महिमा वर्णन 9 छंदों का तीसरा शांति वर्णन 20 छंदों का है। भले से ही वैराग्य संदीपनी छोटा सा ग्रंथ हो किंतु यह ग्रंथ अत्यंत उपादेय है जो संत समाज के निर्माण में पूरी तरह सफल है और तुलसीदास के कवि कर्म को रचनात्मक ऊंचाई प्रदान करता है। उनके अभियान को सार्थक बनाता है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# उत्तर–पूर्व का संदेश

पहले की तरह इन्कम्बेंसी–एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठे रह कर विपक्षी दल भाजपा को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नौ साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंदगी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है।

उत्तर–पूर्व के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों से एक बार फिर भारतीय राजनीति के बदले संदर्भ बिंदु की पुष्टि हुई है। विपक्ष को कम से कम अब इस नए रुझान से संदेश ग्रहण करना चाहिए। संदेश यह है कि पहले की तरह इन्कम्बेंसी–एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठे रह कर वह भारतीय जनता पार्टी को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नौ साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंदगी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है। ऐसा उसने अपने खास राजनीतिक एजेंडे के आधार पर किया है, जिसके साथ देश के शासक वर्ग का तारतम्य बन गया है। इस वर्ग के साथ होने के कारण भाजपा के पास तमाम तरह के असीमित संसाधन उपलब्ध हैं। राजनीति में अक्सर पैसा और प्रचार की ताकत निर्णायक होते रहे हैं। आज इन मोर्चों पर विपक्षी पार्टियां भाजपा के सामने कहीं खड़ी नहीं हैं। जिन संवैधानिक संस्थाओं पर बहुत भरोसा किया जाता है, चूंकि उनके संचालक भी मुख्य रूप से समाज के ऊपरी तबकों से ही आते हैं, इसलिए उन संस्थाओं और भाजपा के राजनीतिक प्रोजेक्ट में आज एक खास तरह की समानता नजर आती है।

यह ऐसी स्थिति है, जिसे नजरअंदाज कर किसी चुनाव नतीजे को नहीं समझा जा सकता। इस परिस्थिति में विपक्ष राजनीति की समझ और शैली बदल कर ही अपनी भूमिका बना सकता है। इस दिशा में प्रयास होने के अभी तक सीमित संकेत ही मिले हैं। राहुल गांधी ने जरूर भारत जोड़ो यात्रा करके इस ओर पहल की, लेकिन अभी यह महज एक शुरुआत ही है। यह दरअसल, बहुत लंबी यात्रा होगी, जिसमें लोगों के साथ लगातार संवाद और संपर्क में रहना होगा। परिश्रम साध्य चुनौती को स्वीकार करने वाली राजनीतिक ताकत ही अपने विचारों को लेकर ऐसा जन समर्थन बना पाएगी, जिसका प्रभाव देश की राजनीति पर पड़ सके। फिलहाल चूंकि विपक्ष का पूरा ध्यान एक से दूसरे चुनाव पर टिका रहता है, इसलिए उसे बार–बार मायूसी हाथ लग रही है। इस कहानी के निकट भविष्य में बदलने के अभी तो कोई संकेत सामने नहीं हैं।

# शिवराज ने गढ़ा नया मध्यप्रदेश

**कोरोना काल प्रदेश के लिये एक कठिन दौर था। लॉकडाउन के कारण अचानक सब कुछ बंद हो गया। लेकिन इन आपातकालीन परिस्थितियों में भी चौहान ने कुशलता से सरकार का संचालन किया। स्वयं कोविड प्रभावित होने के बाद भी उन्होंने अस्पताल से सरकार चलाई। मुख्यमंत्री रहते हुए भी चौहान कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उनका श्मैं हूँ नाश का भाव आत्म–विश्वास जगाता है...**

डॉ. मोहन यादव

मध्य प्रदेश ने पिछले सात दशक की राजनीति में कई उतार–चढ़ाव देखे। प्रदेश ने कई मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को देखा। विशेषकर, वर्ष 1993 से लेकर 2003 की तत्कालीन सरकार के कार्यकाल को लेकर नकारात्मक चर्चा होती रही है। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में नई सरकार ने जिन लक्ष्यों को लेकर सत्ता हासिल की थी, आज 20 वर्ष बाद हमें अंतर साफ नजर आता है। वर्ष 2003 के पहले प्रदेश बदहाल था। सड़कें गड्ढो में परिवर्तित थी, बिजली आती–जाती रहती थी। आमजन के लिए शासकीय सुविध ााएँ पाना कठिन था। शहरों के हालात बदतर थे, ग्रामीण जन–जीवन अपने पर ही निर्भर था। शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएँ स्वयं बीमार थी। शिक्षाकर्मी शासकीय स्कूलों में 500 रूपये महीने में पढ़ा रहे थे। प्रदेश श्बीमारू राज्यश की श्रेणी में था और उद्योगपति यहाँ निवेश करने में कतराते थे। कृषि प्रधान होने के बावजूद भी राज्य की कृ षि दर न्यूनतम थी। सिंचाई के साधन नहीं थे। उद्योगों की विकास दर एक प्रतिशत से भी नीचे थी। प्रदेश की विकास दर ऋणात्मक थी। जन–कल्याण की योजनाओं का अता–पता नहीं था।



पिछले दो दशक में मध्यप्रदेश का परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है। आज विकास के सूचकांकों में प्रदेश की उपलब्धि ायाँ गौरव करने वाली है। राज्य की विकास दर 16 प्रतिशत से अधिक है। औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है। सड़क, बिजली और पानी के मुद्दे पर परिणाम हम सबके सामने हैं। इस दौरान प्रदेश ने 23 प्रतिशत कृषि विकास दर अर्जित की और सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त किया। प्रदेश ने जन–कल्याण के क्षेत्र में न केवल नए प्रतिमानों को स्थापित किया, वरन इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई योजनाएँ अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनी। राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है। इस नए मध यप्रदेश को गढने का श्रेय निश्चित रूप से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है।

शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता को दरबारी व्यवस्था से बाहर निकाल कर आमजन के बीच ले जाने का कार्य किया है। वे लगातार बैठकों के माध्यम से कार्यक्रमों को दिशा देते है और व्यवस्था को सुचारु बनाये रखते है। किसी एक विषय पर लगातार बैठकें कर किसी विषय को परिणाम तक पहुँचाने में उन्हें महारत है। कई बार बैठक में उनका कड़ा रुख भी सामने आता है। जनता के साथ उनका सीधा संवाद है और लगातार प्रतिदिन अलग–अलग जिलों में जाकर लोगों से मिलना उनकी खासियत है। उनके द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए की गई 40 से अधिक पंचायतों ने प्रदेश में सामाजिक कल्याण की कई योजनाओं को स्वरूप दिया। वर्ष 2006 में प्रारम्भ की गई कन्या विवाह योजना और वर्ष 2007 में लागू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना ने उन्हें आमजन का मुख्यमंत्री बनाया। योजनाओं के माध्यम से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिला। चौहान के विजन और मिशन ने सुशासन स्थापित किया है। लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन, समाधान, पेसा नियम, भू–माफिया कानून जैसे कार्यक्रमों ने सरकारी व्यवस्था को आमजन के करीब पहुँचाया है और इसका लाभ दिलाया है। चौहान के निर्णय मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण होते हैं। हर व्यक्ति की चिंता करना उनका स्वभाव है। पर्यावरण के प्रति उनकी निष्ठा ने प्रतिदिन पौध–रोपण के अंकुर अभियान को जन्म दिया। यह अभियान एक मिसाल बन गया है और एक राजनेता के रूप में उनके विलक्षण स्वरूप को बताता है।

कोरोना काल प्रदेश के लिये एक कठिन दौर था। लॉकडाउन के कारण अचानक सब कुछ बंद हो गया। लेकिन इन आपातकालीन परिस्थितियों में भी चौहान ने कुशलता से सरकार का संचालन किया। स्वयं कोविड प्रभावित होने के बाद भी उन्होंने अस्पताल से सरकार चलाई। मुख्यमंत्री रहते हुए भी चौहान कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उनका श्मैं हूँ नाश का भाव आत्म–विश्वास जगाता है। वे कार्यकर्ताओं के लिए कहते है कि श्पाँव में चक्कर, मुँह में शक्कर, सिर पर बर्फ और सीने में आगश होना चाहिए। वे स्वयं भी इसी भाव का पालन करते है। मध्यप्रदेश उनका मंदिर है और प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता उनकी भगवान है। सामाजिक सेवा उनका अनुष्ठान है। विकसित मध्यप्रदेश उनका स्वप्न और जन–कल्याण लक्ष्य है। वे बहनों के लाड़ले भाई और भांजियों के लोकप्रिय मामा है। मुख्यमंत्री चौहान को 65वें जन्म–दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

0–लेखक मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री है।

**इसी प्रकार होलिका दहन भी गोबर से बने कण्डों से तथा गौ–काष्ठ से करने का प्रचलन आरम्भ कर, जंगल से लकड़ी काटने में रोक लगा कर पर्यावरण का संरक्षण करने का अभियान चला सकते हैं। जंगल कटने से बचेंगे और पर्यावरण सुरक्षित होगा। मानव की मृत देह का अंतिम संस्कार भी गौ–शालाओं में गोबर से बनने वाले गौ–काष्ठ और गोबर के कण्डों से कर सकते हैं...**

# भारतीय पर्व-परम्पराओं का सबसे महत्वपूर्ण अंग है गौ-वंश

स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि

भारतीय सनातनी, हिन्दू परिवारों में होने वाले छोटे से छोटे आनुष्ठानिक कार्यों से लेकर बड़े से बड़े आयोजनों में गाय के पूजन से लेकर उसके सभी उत्पाद जैसे दूध, दही, घृत, गोबर, गौ–मूत्र (पञ्चगव्य) की उपयोगिता अनिवार्य सुनिश्चित की गई है। हिन्दू घरों में प्रतिदिन चूल्हे पर बनने वाली प्रथम रोटी को गाय की रोटी माना गया है, इसे ही हम गौ–ग्रास कहते हैं। प्रातरूकाल उठ कर हिन्दू परिवार के सदस्य सर्वप्रथम घर में बनी गौ–शाला गौ–शाला में जाकर गाय को प्रणाम कर उसे हरी घास आहार के रूप में समर्पित कराते हैं। गायों का गोबर उठा कर उसे व्यवस्थित रीति से सुरक्षित करना दिनचर्या का अंग होता है। यह दिनचर्या आज भी भारतीय पारम्परिक परिवारों में देखी जा सकती है। प्रातरूकाल जागरण से लेकर गौ–दोहन, गौ–चारण और सायंकाल गोचर कर गायों का समूह में घर में वापस आने की बेला को पवित्र गोधूलि बेला माना गया है। गौ–सेवा को अत्यंत पवित्र कर्त्तव्य हमारे भारतीय धर्म शास्त्रों में व्याख्यायित किया गया है। गाय को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। गाय का यह महत्त्व कोटि–कोटि हिन्दू जन–मानस में सदियों से रचा–बसा है। इसी कारण गाय और सम्पूर्ण गौ–वंश को हम आस्था और श्रद्धा के केंद्र में रखते हैं। गाय को भारत की आर्थिक समृद्धि का आधार माना गया है, गौ–वंश को भारतीय कृषि का आधार, पर्यावरण की संरक्षिका, भौतिक विज्ञान के अनुसंधान का केंद्र, आयुर्वेद का आधार सहित विभिन्न विधाओं को प्रभावित करने वाला भारतीय गौ–वंश की महिमा अपार है। भारतीय पारम्परिक पर्वों की श्रंखला में अनेक पर्व तो सीधे गौ–वंश के लिये ही हैं जैसे वत्स–द्वादशी, गोपाष्टमी तथा दीपावली के दूसरे दिन गोवर्द्धन पूजा का पर्व। भारतीय पारम्परिक पर्वों में छिपा है वैज्ञानिक तथ्यः भारतीय पर्वों को मनाने की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जिसमें तिथि, नक्षत्र, दिन, योग एवं पर्व केंद्रित रीति–रिवाज एवं पर्व का देवता, देवी एवं उनके पूजन, स्मरण आदि का सामाजिक महत्त्व तथा उनमें छिपा विविध प्रकार का अन्वेषण जनित विज्ञान अवस्थित है। अधिकतर विज्ञान का वह पक्ष जिसे हम बोलचाल की भाषा में मनोविज्ञान कहते हैंय पर्वों को आयोजित करने एवं उनके मनाने में जन–मन का अनुरंजन, विनोद, आनंद, उल्लास, मानसिक उमंग ये सब मनोविज्ञान के विविध आयाम हैं। इसकी पुष्टि भारतीय मान्यताओं में प्रकृति की अष्टधा रूपों में अभिव्यक्त है।

भूमिरापोनलो वायुरूखं मनोबुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।।

की ही अभिव्यक्ति है।



पर्वों की प्रासंगिकता उनके आरम्भिक काल में जितनी थी, आज भी वे सभी भारतीय प्राचीन पर्व उतने ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैय उनके वर्तमान समय में युगानुकूल, सामयिक और नवाचारित स्वरूप में प्रस्तुत कर उन्हें अत्यधिक प्रासंगिक बनाना समय की अनिवार्यता है। गौ–वंश कभी भी अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं होताः आज किसान या गौ–पालकों द्वारा गोवंश को बेसहारा किया जा रहा है। उन्हें यह कह कर घर से बाहर किया जा रहा है कि गाय दूध नहीं दे रही है और बैल की खेती–किसानी में उपयोगिता नहीं रही। कारण अब कृषि का यांत्रिकीकरण हो गया है जबकि तथ्य इसके विपरीत है। गाय दूध दे रही या नहीं, बैल कृषि कार्य करने योग्य है या नहीं गौ–वंश को अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं कह सकते। गौ–वंश से हमें गोबर और गौ–मूत्र जीवन भर मिलता है। दूध तो गाय का सबसे सस्ता उत्पाद है किन्तु गोबर और गौ–मूत्र बहुमूल्य उत्पाद या कीमती पदार्थ हैं। गाय का दूध तो मानव के लिये पौष्टिक आहार है किन्तु उससे भी अधिक गौ–वंश का गोबर और गोमूत्र धरती का पोषण आहार है। मानव शरीर और मानवीय बुद्धि को स्वस्थ रखने के लिये दूध, दही, मही, घी, मक्खन और धरती को स्वस्थ और उर्वरक बनाये रखने के लिये गोबर, गौ–मूत्र धरती का पारम्परिक आहार है। मनुष्य की भाँति धरती को भी पोषण आहार की आवश्यकता है उसकी पूर्ति गौ–वंश से प्राप्त गोबर और गौ–मूत्र से होती है। इतना ही नहीं गोबर और गौ–मूत्र से अनेक उत्पाद आज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार हो रहे हैं। दीपावली और होलिकोत्सव से यदि हम गौ–वंश को जोड़ कर उसका विश्लेषण युगानुकूल, सामयिक और नवाचार के साथ करें तो गौ–शालाओं में आर्थिक दृष्टि से आत्म–निर्भरता और स्वावलम्बन के द्वार खोले जा सकते हैं। भारतवर्ष के सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं के आधार पर दीपावली और उसके आस–पास की तिथियाँ आर्थिक समृद्धि की देवी लक्ष्मी के पर्व की तिथियाँ हैं। हम गौ–शालाओं से प्राप्त गोबर के अनेक उत्पादों यथा गोबर के दीपक, गमले, पेंट, गौ–मूत्र से बनाये गये गोनाईल आदि के विक्रय से आर्थिक लाभ ले सकते हैं। इसी प्रकार होलिका दहन भी गोबर से बने कण्डों से तथा गौ–काष्ठ से करने का प्रचलन आरम्भ कर, जंगल से लकड़ी काटने में रोक लगा कर पर्यावरण का संरक्षण करने का अभियान चला सकते हैं। जंगल कटने से बचेंगे और पर्यावरण सुरक्षित होगा। मानव की मृत देह का अंतिम संस्कार भी गौ–शालाओं में गोबर से बनने वाले गौ–काष्ठ और गोबर के कण्डों से कर सकते हैं।




# हमने इस दौरे के बारे में जो सोचा था, इंदौर में उसका दोगुना हासिल किया: मैकडोनल्ड

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने स्वीकार किया है कि भारतीय टीम को घरेलू परिस्थितियों में चुनौती देने के लिए 'पूरी तरह से संपूर्ण (परफेक्ट)' होना जरूरत होता है और उनकी टीम ने इस दौरे के बारे में जो सोचा था उसके मुकाबले इंदौर टेस्ट में दोगुना अधिक हासिल किया। चार मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट को तीन दिनों के अंदर हार कर बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला गंवाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंदौर टेस्ट मैच में शानदार वापसी की। टीम ने पहली गेंद से ही स्पिनरों की मददगार पिच पर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।मैकडॉनल्ड ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से कहा, ''आप जब भारत में खेलते हैं तो सफलता के लिए आपको संपूर्णता (परफेक्शन) हासिल करनी होती है उसके आसपास होना पड़ता है। मुझे लगता है 11 रनों के भीतर छह विकेट गंवाने के अलावा हम उस मैच में उस संपूर्णता के करीब रहे।''




मैकडॉनल्ड ने कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने के बारे में सीख रहे है और इससे भविष्य में उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, '' उपमहाद्वीप में हर खिलाड़ी की यात्रा कही से शुरू होती है और मुझे विश्वास है कि खिलाड़ियों का एक समूह है, जो अगली बार अधिक अनुभव के साथ यहां आयेगा और चुनौतियों के लिए तैयार होगा। उपमहाद्वीप के इस भाग (भारत) में अन्य हिस्सों की तुलना में अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर एक सत्र में टीम ने खराब क्रिकेट नहीं खेला होता तो ऑस्ट्रेलिया के बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने का मौका होता। उन्होंने कहा कि इंदौर में टीम को किस्मत का भी साथ मिला। कोच ने कहा, ''मार्नुस (लाबुशेन) नो बॉल पर बोल्ड हुए थे। इसके अलावा हमने अवसरों को भी बखूबी भुनाया। उस्मान (ख्वाजा) ने उड़ते हुए कैच लपका। लेग स्लिप पर (स्टीव) स्मिथ के कैच ने इस मुकाबले को जीतने में बड़ा योगदान दिया है। दिल्ली टेस्ट से यदि हम तुलना करें तो स्मिथ ने पहली स्लिप और मैट रेनशॉ ने लेग स्लिप पर एक–एक कैच टपका दिया था। एक घंटे के खराब खेल से हमने सब कुछ गंवा दिया। अच्छा क्रिकेट खेलने के बावजूद हमें इसकी कीमत टेस्ट मैच गंवा कर चुकानी पड़ी।'' उन्होंने कहा, '' इस दौरे के लिए हमने जो सोचा था इंदौर में उसका दोगुना हासिल करने में सफल रहे।

# चीन ने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत तक की वृद्धि की

बीजिंग। चीन ने रविवार को अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 1,550 अरब युआन तक कर दिया जो पिछले साल से अधिक है। यह उसके सैन्य बजट में लगातार आठवीं वृद्धि है। चीन ने पिछले साल 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,450 अरब युआन का बजट पेश किया था। इस साल रक्षा खर्च बढ़कर 1,550 अरब युआन हो गया है। हालांकि, युआन के मुकाबले डॉलर की मजबूती को देखते हुए इस साल चीन का रक्षा खर्च करीब 224 अरब डॉलर हो गया है जो पिछले साल के 230 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश की कार्य रिपोर्ट में निवर्तमान प्रधानमंत्री ली केकियांग ने सशस्त्र बलों से लड़ाकू तैयारियां बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीन के सशस्त्र बलों को सैन्य अभियान के लिए काम करना चाहिए, लड़ाकू तैयारियां और सैन्य क्षमताएं बढ़ानी चाहिए



ताकि सीपीसी (चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी) द्वारा उन्हें सौंपा काम पूरा हो। ली ने कहा कि सशस्त्र बलों को सैन्य प्रशिक्षण तेज करना चाहिए, नया सैन्य सामरिक मार्गदर्शन बनाना चाहिए तथा सभी दिशाओं में सैन्य काम को मजबूत करने के अच्छी तरह से समन्वित प्रयास करने चाहिए। अपने रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाले देशों में अमेरिका के बाद चीन का नाम आता है। अमेरिका ने 2023 के लिए 816 अरब डॉलर का रक्षा बजट पेश किया है। भारत के लिहाज से चीन का रक्षा बजट तीन गुना अधिक है। भारत ने 2023–24 के लिए 72.6 अरब डॉलर का बजट पेश किया है। बढ़ते रक्षा बजट और 20 लाख सैनिकों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और वह अपनी सेना, नौसेना तथा वायु सेना के आधुनिकीकरण पर सबसे अधिक खर्च करने के साथ तेजी से शक्तिशाली बन रही है। चीनी सेना का नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं और शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में चीनी सेना ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिकी सशस्त्र बलों के बराबर आधुनिक होने का लक्ष्य तय किया है। एनपीसी के सत्र के मद्देनजर उसके प्रवक्ता वांग चाओ ने शनिवार को चीन के रक्षा बजट में वृद्धि का बचाव करते हुए कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के तौर पर देश का रक्षा खर्च वैश्विक औसत के मुकाबले कम है। उन्होंने कहा कि चीन के सैन्य आधुनिकीकरण से किसी देश को कोई खतरा नहीं होगा बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति की रक्षा के लिए सकारात्मक शक्ति होगी।

# नहीं रूक रहा फ्लाइट में पेशाब कांड, अब पैसेंजर ने साथी यात्री के साथ की शर्मनाक हरकत, आरोपी गिरफ्तार

अमेरिकन एयरलाइंस में नशे की हालत में एक यात्री ने साथी यात्री पर पेशाब कर दिया। ये घटना अमेरिकन एयरलाइंस की न्यूयॉर्क से दिल्ली जा रही फ्लाइट में हुआ। एक भारतीय छात्र ने अपने सह यात्री पर कथित तौर पर पेशाब की है, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होते ही गिरफ्तार कर लिया। जानाकरी के मुताबिक ये घटना अमेरिकन एयरलाइन ।292 की फ्लाइट में ये घटना हुई है।

डीजीसीए को सौंपी गई रिपोर्ट: नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एअरलाइन ने इस घटना के बारे में डीजीसीए को एक रिपोर्ट सौंपी है। ऐसा प्रतीत होता है कि एअरलाइन पेशेवर तरीके से इस स्थिति से निपटी और उसने सभी उचित कदम उठाए हैं। यह घटना उड़ान संख्या एए292 में हुई है, जिसने शुक्रवार को रात नौ बजकर 16 मिनट पर न्यूयॉर्क से उड़ान भरी थी और शनिवार रात नौ बजकर 50 मिनट पर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरी।

अमेरिकन एअरलाइंस ने रविवार को एक बयान में कहा कि एक यात्री के दुर्व्यवहार के कारण विमान के दिल्ली पहुंचने पर कानून प्रवर्तन अधिकारी से सम्पर्क करना पड़ा। हालांकि, उसने घटना के बारे में खास जानकारियां नहीं दी। दिल्ली हवाई अड्डे के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने रविवार को कहा कि अमेरिकन एअरलाइंस से अमेरिका में पढ़ाई कर रहे एक छात्र के खिलाफ सह–यात्री पर पेशाब करने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा, ''हम आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।'' हवाई अड्डे पर एक सूत्र ने बताया, ''आरोपी एक अमेरिकी विश्वविद्यालय का छात्र है। वह नशे की हालत में था और उसने नींद में कपड़ों में ही पेशाब कर दिया, जिससे बगल में बैठा हुआ यात्री भी गीला हो गया। इसके बाद यात्री ने चालक



दल से शिकायत की।'' उन्होंने बताया कि पीड़ित यात्री पुलिस से इस मामले में शिकायत नहीं करना चाहता था, क्योंकि आरोपी छात्र ने माफी मांग ली थी तथा शिकायत करने से उसका करियर खतरे में पड़ सकता था। बहरहाल, एअरलाइन ने इसे गंभीरता से लिया और इस मामले की सूचना आईजीआई हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को दी। चालक दल के सदस्यों ने इस घटना के बारे में पता चलने के बाद पायलट को इसकी सूचना दी, जिसने एटीसी को मामले की जानकारी दी। एटीसी ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को इसकी सूचना दी, जिसने आरोपी यात्री को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया। हवाई अड्डे के एक अन्य सूत्र ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''घटना का पता चलने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के साथ एअरलाइन का खुद का सुरक्षा दल हरकत में आया। विमान से उतरने के बाद आरोपी को फौरन हिरासत में ले लिया गया। पुलिस संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर रही है।'' अमेरिकन एअरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान 292 के जॉन एफ केनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेएफके) से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर एक यात्री के दुर्व्यवहार के कारण स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों को आना पड़ा। एअरलाइन ने कहा, ''विमान रात नौ बजकर 50 मिनट पर सुरक्षित उतरा। हम अपने चालक दल के सदस्यों के आभारी हैं, जो हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और देखभाल के लिए समर्पित हैं और उन्होंने पूरी तरह पेशेवर तरीके से परिस्थितियों को संभाला।'' नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार, अगर कोई यात्री अनुचित व्यवहार का दोषी पाया जाता है तो उसे किसी खास अवधि तक उड़ान भरने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। पिछले कुछ महीनों में नशे की हालत में किसी यात्री के सह–यात्री पर पेशाब करने की यह दूसरी घटना है। एअर इंडिया की 26 नवंबर को न्यूयॉर्क–दिल्ली उड़ान में भी ऐसी ही घटना हुई थी, जिसमें शंकर मिश्रा नामक यात्री ने नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था।

यह घटना मीडिया में एक खबर के जरिये करीब एक महीने बाद सामने आयी थी, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी और मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। उसे करीब एक महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया। नागर विमानन महानिदेशालय ने नियम के अनुसार, इस घटना की 12 घंटे के भीतर सूचना न देने के लिए एअर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि मिश्रा को चार महीने के लिए उड़ान भरने से प्रतिबंधित किया जा चुका है।

# एम्बाप्पे पीएसजी के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने

पेरिस। फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे नैनटेस पर 4–2 की जीत के दौरान पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए



सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय (902 मिनट) में मुकाबले का आखिरी गोल किया जो पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था। उन्होंने इसके साथ ही एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस जीत से पीएसजी की टीम 'लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग)' की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 247वां मैच खेलने के बाद कहा, ''जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है।'' उन्होंने कहा, '' मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है। मैं इस टीम और फ्रांस के लिए यह करना चाहता हूं। यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि है लेकिन मैं यहां सामूहिक उपलब्धियों के लिए भी आया हूं।'' लियोनेल मेसी ने मैच के 12वें मिनट में ही पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। जौन हदजाम के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गयी। लुडोविक ब्लास और इग्नाटियस गनागो ने सात मिनट के अंदर दो गोलकर मैच में नैनटेस की वापसी कर दी। दूसरे हाफ में डानिलो परेरा (60वां मिनट) के गोल से पीएसजी ने मैच में एक बार फिर बढ़त बनायी और इंजरी समय में एम्बाप्पे ने गोलकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मैच में लिली ने लेंस को 1–1 की बराबरी पर रोका।

# मारुति सुजुकी को सेमीकंडक्टर की समस्या अभी बने रहने की आशंका

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का मानना है कि सेमीकंडक्टर की किल्लत




अगली कुछ तिमाहियों तक बनी रह सकती है जिससे कुछ खास मॉडलों की आपूर्ति में विलंब और बढ़ जाएगा। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने पीटीआई–के साथ बातचीत में कहा कि सेमीकंडक्टर की आपूर्ति अब भी एक समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा, ''पिछली तिमाही में सेमीकंडक्टर की वजह से 46,000 इकाइयों का नुकसान उठाना पड़ा था। इस तिमाही में भी कुछ मॉडलों के लिए यह समस्या बनी हुई है।'' मारुति सुजुकी के पास 3.69 लाख इकाइयों की बुकिंग लंबित है जिसमें अकेले एर्टिगा मॉडल की ही 94,000 इकाइयों की बुकिंग है। इसके अलावा ग्रांड विटारा और ब्रेजा जैसे लोकप्रिय मॉडलों की भी क्रमशः 37,000 और 61,500 से अधिक बुकिंग हैं। आधुनिक दौर के वाहनों में सेमीकंडक्टर चिपों का इस्तेमाल प्रमुखता से होता है। ऐसे में इन चिपों की उपलब्धता सुगम न होने से गाड़ियों की आपूर्ति भी नहीं हो पाती है। पिछले तीन वर्षों से सेमीकंडक्टर की उपलब्धता एक समस्या बनी हुई है। एमएसआई को सेमीकंडक्टर नहीं मिल पाने की समस्या आगे भी बने रहने की आशंका सता रही है। श्रीवास्तव ने कहा, ''यह अनुमान लगा पाना काफी मुश्किल है कि हालात कब सामान्य हो पाएंगे। इसकी वजह यह है कि अभी ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।'' उन्होंने कहा कि देश के यात्री वाहन बाजार में एसयूवी 42.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी भूमिका में आ चुका है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 38.8 लाख इकाई तक जा सकता है जो अब तक का रिकॉर्ड होगा। पिछले वित्त वर्ष में 30.7 लाख यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी।

# तोशखाना मामले के कारण इमरान खान पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सिर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस्लामाबाद पुलिस इमरान खान के लाहौर स्थित



घर तोशखाना मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस्लामाबाद पुलिस के पास इमरान खान की गिरफ्तारी का वारंट है मगर पुलिस के मुताबिक इमरान खान उन्हें घर पर नहीं मिले जिसके बाद पुलिस वापस लौट आई है।

बता दें कि इमरान खान को तोशखाना मामले का कारण काफी परेशानियां झेलनी पड़ी है। इसी मामे के कारण उनकी संसद की सदस्यता गई थी, जबकि इससे पहले उनकी सरकार भी गिरी थी। इस मामले में चुनाव आयोग ने इमरान खान की दलीलों को कमजोर मानते हुए उनकी सदस्यता भी रद्द की थी। दरअसल तोशखाना मामला एक कैबिनेट का विभाग है। इसमें अन्य देशों की सरकार, राष्ट्र प्रमुख, विदेशी मेहमानों द्वारा दिए गए उपहारों को रखा जाता है। पाकिस्तान के नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री रहते हुए अन्य देशों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिले तोहफों को तोशखाना में रखने का नियम है।

बता दें कि इमरान खान ने पाकिस्तान की सत्ता वर्ष 2018 में संभाली थी, इसके बाद उन्होंने अरब देशों, यूरोपीय देशों की यात्राएं की थी। इन यात्राओं के दौरान इमरान खान को अरब के शासकों और यूरोपीय देशों के प्रमुखों से कई तरह के महंगे तोहफे मिले। इन तोहफों को इमरान खान ने तोशखाना में जमा करवाया। हालांकि इमरान खान पर आरोप है कि बाद में उन्होंने तोशखाना में इन तोहफों को सस्ते दामों पर खरीदा और बाहर इन तोहफों को महंगी कीमत पर बेच दिया। इन तोहफों को बेचने के लिए इमरान खान को उनकी सरकार ने ही कानूनी अनुमति दी थी।

जानकारी के मुताबिक इमरान खान ने चुनाव आयोग को तोशकाना के संबंध में जानकारी दी थी कि इन तोहफों को उन्होंने 2.15 करोड़ रुपये की राशि देकर खरीदा था और इन तोहफों को बेचने के बाद उन्हें 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार जिन तोहफों को इमरान खान ने बेचा उसमें घड़ी, कफलिंक का जोड़ा, महंगा पेन, अंगूठी आदि शामिल है।

आंकड़ों के मुताबिक इमरान खान के तीन साल तक प्रधानमंत्री रहने के दौरान उन्हें 14 करोड़ रुपये की लागत के 58 गिफ्ट मिले थे। इन तोहफों को तोशखाना में जमा करवाया गया है। हालांकि ये भी कहा गया कि इमरान खान ने इन तोहफों की जानकारी इनकम टैक्स में नहीं दी है।

# मुकदमा चला तो भी प्रचार अभियान से पीछे नहीं हटूंगा: ट्रंप

ऑक्सन हिल। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



कहा कि यदि उनके खिलाफ मुकदमा चलता है तो भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए उनका प्रचार अभियान जारी रहेगा। ट्रंप ने वार्षिक 'कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कांफ्रेंस' में अपने संबोधन से पहले पत्रकारों से कहा, ''बिल्कुल, मैं पीछे हटने के बारे में सोच भी नहीं सकता।'' ट्रंप के खिलाफ 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम में हेरफेर के प्रयास को लेकर जांच की जा रही है। इसके अलावा वह गोपनीय दस्तावेजों को अपने पास रखने व अन्य मामलों को लेकर भी जांच का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने शनिवार रात अपने भाषण में समर्थकों से कहा कि वह दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए ''अंतिम लड़ाई'' में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, ''हमने जो शुरू किया था, उसे खत्म करने जा रहे हैं। हम मिशन पूरा करने जा रहे हैं। हम इस लड़ाई का अंत जीत के साथ देखने जा रहे हैं।''

# फिओरेंटीना ने एसी मिलान के जीत के सिलसिले को रोका

मिलान। स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के मैच के आखिरी पलों में किये गये गोल से फिओरेंटीना ने सेरी ए (इटली की शीर्ष घरेलू लीग) की गत चौम्पियन एसी मिलान पर 2–1 से जीत हासिल की। फिओरेंटीना ने उलटफेर करने के साथ एसी मिलान




की लगातार चार जीत के सिलसिले को थाम दिया। निकोलस गोंजालेज ने मैच के 49वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर फिओरेंटीना को बढ़त दिलायी। इसके बाद मैच के 87वें मिनट में उनके शानदार क्रास पर जोविच ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। थो हर्नाडेज ने आखिरी सीटी बजने से कुछ समय पहले (905 मिनट) मिलान के लिए सांत्वना गोल किया। अन्य मुकाबलों में अटलांटा को उडीनीस ने गोलरहित ड्रा पर रोक दिया। इस ड्रा मैच से चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अटलांटा की उम्मीदों को झटका लगा। मोंजा ने एम्पोली को 2–1 से हराकर घरेलू मैच में साल की पहली जीत दर्ज की।

## परीक्षा केंद्र पर छात्रों के दो गुटों में मारपीट, एक हिरासत में

बरियारपुर। विशुनपुर कला स्थित एक स्कूल में परीक्षा समाप्त होने के बाद शाम छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसमें करीब छह छात्र घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस को आता देख आरोपी हंटर गाड़ी से भाग निकले। जानकारी पर घायल छात्रों के साथियों और परिजन स्कूल को घेर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष के युवकों को शांत कराकर किसी तरह परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला। मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान परीक्षार्थियों के विलंब से घर पहुंचने पर परिजन परेशान नजर आए। यूपी बोर्ड में शनिवार द्वितीय पाली में इंटरमीडियट का रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र की परीक्षा थी। विशुनपुर कला चौराहे के पास एक निजी स्कूल के गेट पर परीक्षा समाप्त के बाद देवरिया शहर और स्थानीय छात्र किसी बात पर आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते लाठी–डंडे चलने लगे। आरोप है कि तभी हंटर से पहुंचे कुछ लोग छात्रों के एक गुट को पीटने लगे। इससे अफरा–तफरी मच गई। स्कूल प्रशासन ने बाकी बचे छात्रों को स्कूल में छिपाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस का सायरन सुनकर आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे। इससे नाराज लोगों ने स्कूल को घेर लिया और स्कूल प्रशासन से आरोपी छात्रों के दोस्तों को सौंपने का दवाब बनाने लगे। मौके पर पहुंची किसी तरह पीड़ित पक्ष को शांत कर एक–एक छात्र को स्कूल से बाहर निकाला। प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसओ गोरखनाथ सरोज ने कहा कि मामूली बात को लेकर छात्रों के दो गुटों में मारपीट हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, पांच जोन में बांटा गया जिला

देवरिया। होलिका दहन और शब–ए–बरात एक साथ होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी काफी सतर्क हैं। जिले को पांच जोन में बांटकर सात सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। 10 जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था और हर गतिविधियों पर नजर रखन के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी राजेश कुमार, एडीएम वित्त नागेंद्र कुमार सिंह, सीआरओ रजीनश राय, सीओ प्रेम नरायण तिवारी, सीडीओ रवींद्र कुमार, निरीक्षक चंद्रभान सिंह सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार, सीओ देव आंनद, एसडीएम भाटपाररानी संजीव कुमार, सीओ विनय कुमार, बरहज के एसडीएम गजेंद्र कुमार, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, रुद्रपुर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ल, सीओ पंचम लाल यादव को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा 46 अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। 12 अधिकारियों को रिजर्व के रूप में मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

## अंतिम दिन 23,974 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

महराजगंज। यूपी बोर्ड की परीक्षा शनिवार को विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हो गई। दूसरी पाली में हुई रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 25,930 परीक्षार्थियों में से 23,974 ने परीक्षा दी। जबकि 1,956 अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने बताया कि दूसरी पाली में इंटर में रसायन विज्ञान व समाज शास्त्र की परीक्षा थी। परीक्षा के संपन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरे पर रौनक नजर आई। सकुशल परीक्षा संपन्न होने पर परीक्षार्थियों ने संतोष जताया। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने भी राहत की सांस ली। प्रशासन की ओर से गठित चार सचल दलों ने परीक्षा के अंतिम दिन 31 केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय के नेतृत्व वाली टीम ने सदर, मिठौरा, घुघली व निचलौल के 15 केंद्रों पर पहुंचकर स्थिति देखी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने पनियरा के चार केंद्रों का निरीक्षण किया। डायट प्राचार्य की टीम ने फरेंदा के छह परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षा को देखा। प्रधानाध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय अराजी जगपुर सुभाष चंद्र की टीम ने सिसवा के छह केंद्रों पर परीक्षा की शुचिता की जांच की। सीबीएसई में नौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षाः केंद्रीय माध्यम शिक्षा परिषद की हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1,020 परीक्षार्थियों में 1,011 ने परीक्षा दी, जबकि नौ ने छोड़ दी। सेंट जोसेफ स्कूल के प्रबंधक सीजे थामस ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत सभी 380 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। नवोदय के प्राचार्य राकेश राय ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत 225 परीक्षार्थियों में से 222 ने परीक्षा दी, जबकि तीन अनुपस्थित रहे। विशप एकेडमी के प्रधानाचार्य जीएस गिरी ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत 415 परीक्षार्थियों में से 409 ने परीक्षा दी, जबकि छह अनुपस्थित रहे।

## अधिवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

लालगंज, मीरजापुर(आरएनएस)। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव निवासी 75 वर्षीय ध्देवमुनि  दुबे एडवोकेट व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की ह्रदयाघात से मृत्यु हो गई। मौत की खबर लगते ही अधिवक्ताओं व ग्रामीणों में शघेक की लहर दौड़ पड़ी। अधिवक्ता के मौत की खबर मिलते ही समाजसेवी वह कांग्रेसी उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किये। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हूबलाल दुबे, शशिभूषण दूबे, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, रामाचार्य शुक्ल, डा०शिवजोर पाल आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं पर उनके पुत्र ब्रह्मानंद दुबे एडवोकेट ने बताया कि रविवार सुबह उनका दाह संस्कार मिर्जापुर के चिल्ह घाट पर किया जाएगा। इस दुरूखद घटना की जानकारी होते ही परिजनों के साथ गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## स्वरोजगार स्थापना हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

कुशीनगर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 सरकार की मंशानुरूप उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कुशीनगर द्वारा शनिवार को स्वरोजगार स्थापना हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना जनपद कुशीनगर के प्रागंण में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित जागरूकता शिविर में लगभग 80 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जिन्हें सरकार द्वारा संचालित रोजगार परक योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करने हेतु स्वयं का उद्यम स्थापित करने एवं कैसे प्रोजेक्ट बनाया जाएगा, कैसे संचालित योजनाओं में आवेदन किया जाएगा, उद्योग स्थापना से लेकर विपणन तक की पूरी जानकारी उपस्थित अभ्यर्थियों को दी गयी । इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर के प्रधानार्चाय एन०पी० प्रजापति, पारस नाथ संस्थापक, लीड बैकं अधिकारी सुनील त्यागी, सहायक प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, कुशीनगर, कौशल विकास मिशन से श्रीवास्तव, ए०के० सिहं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कुशीनगर, के०एम० पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी, आर0 के0 यादव स०वि० के द्वारा अपने उद्‍बोधन में स्वरोजगार स्थापना में किन–किन बातों का ध्यान आवश्यक है विस्तार से बताया गया। उपस्थित जन मानस द्वारा जागरूकता शिविर के आयोजन पर उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा बताये गये जानकारी के लिए धन्यबाद ज्ञापित किया गया।

# त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नामित किये गए मजिस्ट्रेट

कुशीनगर। होलिका दहन व शबेबरात तथा होली पर्व पर विशेष सतर्कता बरतने, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट रमेश रंजन द्वारा जनपद में पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती करते हुए कार्य क्षेत्र आवंटित किये गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी तहसीलों के सम्पूर्ण क्षेत्र हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, नामित किया गया है तथा जनपद के समस्त नगर क्षेत्र हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील खडडा एवं कप्तागंज तहसील क्षेत्र की पर्यवेक्षक अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी को नामित किया गया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा व पड़रौना के लिये पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 देवीदयाल वर्मा को नामित किया गया है। सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज एवं कसया हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट (जे) उपमा पाण्डेय को नामित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने उक्त के अतिरिक्त कोतवाली, थानावार सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये हैं। जिसके अंतर्गत जनपद के प्रत्येक पुलिस चौकी हेतु अलग–अलग डियूटी लगाई गयी है। जिसमे जनपद स्तरीय, अवर अभियंता, सहायक अभियन्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारियों की शिफ्टवार डियूटी लगाई गई है।

जो प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तंक निर्धारित की गई है। उक्त सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी किये जाने हेतु जोनल अधिकारी भी नामित किये गए हैं। जिसके अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी, अधि0 अभि0, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी को नामित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त 5 रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट व 5 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट रमेश रंजन ने उक्त नामित सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि 06 मार्च 2023 को अपराहन 12 बजे से अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि जहां होलिका दहन होना है। वहां कोई बात तो नहीं है। यदि होलिका दहन स्थल पर विवाद है। तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं अधोहस्ताक्षरी को तत्काल अवगत कराएं। इसी प्रकार यह भी सुनिश्चित कर लिए जाए कि होलिका दहन के समय कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। होली के अवसर पर शरारती तत्वों द्वारा दुकानदारों व राहगीरों वाहन चालकों से जबरन चंदा वसूली न की जाए तथा 7 मार्च 2023 को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र, थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे और आवश्यकता अनुसार संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। तथा 8 मार्च 2023 को त्यौहारों को सकुशल सम्पादन के पश्चात डियूटी स्थल सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को अवगत करा कर डियूटी स्थल छोड़ेंगे। यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है। तो तत्काल पुलिस अधीक्षक एवं अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट भवन में एक कण्ट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका सम्पर्क न0 05564–260590 है। कण्ट्रोल रूम की प्रभारी श्रीमती उषा पाल खण्ड विकास अधिकारी नेबुआ नौरंगिया मो0न0– 9452061141 को नामित किया गया है।

## महराजगंज में वैश्य पार्टी का गठन, छोटे लाल जायसवाल बने जिला प्रभारी

**संवाददाता**

महराजगंज। वैश्य पार्टी अपने विस्तार के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है। पार्टी के बिस्तार के क्रम में आज महराजगंज जिले के दुर्गा मंदिर के पास एक बैठक आहूत की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में पार्टी के अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.सी पी गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि रहे। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में रामसेवक गुप्ता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । बैठक की अध्यक्षता छोटे लाल जायसवाल ने की। सर्वसम्मति से छोटे लाल जायसवाल को वैश्य पार्टी के महराजगंज जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गय अपने उद्‍बोधन में



छोटे लाल जायसवाल ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं विगत लगभग 45 वर्षों से भाजपा से जुड़ा हुआ हूं मगर कहीं ना कहीं वैश्य होने के नाम पर हम लोगों को वह सम्मान और पद नहीं मिलता, जिसके हम हकदार हैं। सारी पार्टियों को वैश्य समुदाय का नोट और वोट चाहिए मगर टिकट देने के नाम पर सभी लोग कन्नी काट जाते हैं । ऐसी दशा में वैश्य पार्टी ही वैश्य समुदाय का विकल्प है। सपा और बसपा की तरह भाजपा ने भी वैश्य समुदाय को छला है जिसकी हम घोर निंदा करते हैं । मुख्य वक्ता के रूप में लालजी गुप्ता ने कहा कि वैश्य पार्टी के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । वैश्य समाज के उत्थान के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। बैठक में रामसेवक गुप्ता, भगवान प्रसाद गुप्ता, बनारसी मद्धेशिया ,लाल जी गुप्ता, बेचन प्रसाद गुप्ता, रवि गुप्ता , प्रो. ए के जयसवाल, प्रो. के बी गुप्ता ,प्रो. अनिल गुप्ता ,छेदी प्रसाद गुप्ता, राम नारायण गुप्ता, रेनू गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

## भाजपा जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भाजपा जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान को






लेकर कपिलवस्तु विधानसभा की कार्यशाला संपन्न हुई उक्त बैठक में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है लोकसभा का चुनाव जीतना हमारे लिए इसलिए आवश्यक है जिससे मोदी जी के नेतृत्व में चल रही भारत की स्वर्णिम यात्रा निरंतर चलती रहे भाजपा की सरकार रहेगी तो गाँव गरीब किसान नौजवान और लोककल्याण के लिए कार्य हो रहे हैं और आगे होंगे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी आप कार्यकर्ताओं के बल पर लड़ने जा रही है। भाजपा नेता अभिषेक पाल ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की जितनी चिंता करती है दूसरा कोई राजनीति दल ऐसा नहीं करता आज भारत के बदलते स्वरूप के कारण पूरी दुनिया में भारत का डंका मोदी जी के नेतृत्व में बज रहा है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री कन्हैया पासवान, विपिन सिंह जी, जिला उपाध्यक्ष, तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, नीतीश पाण्डेय, महेन्द्र लोधी, शैलेंद्र वर्मा, जगदीश जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अरुणा मिश्रा, प्रभात तिवारी,, राजेश जायसवाल, सतीश रस्तोगी, जतिन चौबे, रामस्वरूप अग्रहरि सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुराने परंपरा से हटकर किसी ने भी अपनाया नया तरीका तो जाएंगे जेलः प्रभारी निरीक्षक

कुशीनगर। जनपद के पड़रौना कोतवाली थाना क्षेत्र के मिश्रौली बाजार पुलिस चौकी पर शनिवार को पीस कमेटी की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें आगामी होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराने और होलिका दहन के अलावा शबेबरात को सकुशल संपन्न कराने के लिए लोगों के सुझावों को सुनकर समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने कहा कि पुरानी परंपरा से हटकर कोई कार्य नहीं होगी। यदि पुरानी परंपरा से हटकर कोई कार्य किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली के त्यौहार के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर भी सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने मिश्रित आबादी में त्यौहार के दिन एक दूसरे के प्रति संयम बरतने की अपील की। बैठक में शामिल हुए क्षेत्रीय लोगों से त्यौहार में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर पुलिस को समय से सूचना देने का भी अपील किया। चेताया की शबेबरात और होलिका एक ही दिन पड़ रहा है। जुलूस में शराब का सेवन पूरी तरह से रोक रहेगी। यदि इस हालात में कहीं भी किसी प्रकार रोड पर हुड़दंगई करते हुए कोई पाया गया तो किसी भी कीमत पर ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद बड़हलगंज गांव के लोगों ने होलिका दहन के स्थान पर बिजली के ढीले तार को ठीक कराने की मांग की। इस दौरान मिश्रौली चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल रामचंद्र सिंह यादव, दिनेश सिंह, अनिल यादव, मुकेश उपाध्याय, सतीश सिंह, राजीव यादव, ग्राम प्रधान अनवर हुसैन, आनंद दिक्षित, महेंद्र दीक्षित, भोला यादव, सगीर अहमद, जितेंद्र प्रताप,आधा राय, पुर्व प्रधान राजकुमार वर्मा, कृष्ण मोहन, कन्हैया शर्मा, दीनानाथ गुप्त, इम्तियाज हाशमी, हीरालाल कुशवाहा, हियुवा नेता दूधनाथ वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहार होली को लेकर विक्रमजोत चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग सम्पंन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम मे जनपद बस्ती व अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश में क्षेत्राधिकारी हरैया शेषनाथ मणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष छावनी बस्ती दुर्गेश पांडेय के नेतृत्व में व विक्रमजोत चौकी इंचार्ज राजीव सिंह के देखरेख में विक्रमजोत पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग गठित की गई जिसमें विक्रमजोत पुलिस चौकी के समस्त गांव के संभ्रांत व्यक्ति व ग्राम प्रधान कोटेदार को विक्रमजोत चौकी पर बुलाया गया और थानाध्यक्ष के द्वारा आगामी होली के त्यौहार में जो भी समस्या होती है जैसे होलिका दहन मैं नए उम्र के समय से पहले होलिका जला देते हैं तथा आग के साथ खिलवाड़ करते हैं इन सब बातों को थानाध्यक्ष के द्वारा बताया गया की आप लोग समय से होलिका दहन करवाएंगे होलिका दहन के बाद वहां से सभी व्यक्तियों के चले जाने के बाद ही आप लोग अपने घर जाएंगे। और थानाध्यक्ष के द्वारा सभी संभ्रांत व्यक्तियों ग्राम प्रधान और कोटेदार को यह भी बताया गया कि होली के दिन कपड़ा फाड़ने का रिवाज चला है आप लोग आज ही शाम को अपने अपने गांव में मीटिंग करके बताएंगे कि किसी का भी कपड़ा ना कोई फाड़े और जिसको रंग लगवाने की इच्छा हो उसी को रंग लगाया जाए जिसकी इच्छा ना हो उसे गुलाल व अबीर का टीका लगाया जाए यह होली का त्यौहार ऐसा है कि इसमें



सभी समुदाय के लोग सम्मिलित होते हैं और और एक दूसरे के गले मिलते हैं तथा अपने से बड़ों का आदर भाव के साथ पैर छूते हैं। तदोपरांत थाना अध्यक्ष के द्वारा सभी संभ्रांत व्यक्तियों ग्राम प्रधान व कोटेदार को बताया गया कि होली के दिन किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो मुझे और चौकी इंचार्ज साहब को तुरंत अवगत कराएं जिससे मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जा सके। तथा बताया गया कि। इस्लाम धर्म में माह–ए–शाबान बहुत मुबारक महीना माना जाता है। यह दीन–ए–इस्लाम का आठवां महीना होता है। कहा जाता है कि शब–ए–बारात में इबादत करने वाले लोगों के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इसलिए लोग शब–ए–बारात में लोग रात भर जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं और उनसे अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।

## पर्व को लेकर विभिन्न एजेंसियों ने किया पैदलगस्त

### ड्रोन कैमरे की निगरानी में मनाया जाएगा होली व सब ए बरात त्यौहार – इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के



साथ आगामी त्यौहार सब ए बारात व होली को सुरक्षित व संरक्षित माहौल में पारस्परिक प्रेम व भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सीओ जय राम, एसएसबी 43 वी वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट यशवंत कुमार, उपनिरीक्षक मनीष लाथर, उपनिरीक्षक माधव गुप्ता आदि के साथ गड़ाकुल तिराहा, राम जानकी मंदिर, गोलघर, पुलिस बूथ, भारत माता चौक, रमजान गली, प्रेम गली व संपूर्ण शोहरतगढ़ कस्बे में भ्रमण कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने व हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने की अपील करते हुए दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि आगामी त्योहारों को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस तैयार है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में नही बक्सा जाएगा।

# सोनभद्र के स्थापना दिवस पर 11 निर्धन कन्याओं की धूमधाम से कराई गई शादी

## विराट रुद्र महायज्ञ का हवन - पूजन के साथ हुआ समापन,विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ का नौवें दिन शनिवार को हवन पूजन के साथ ही समापन हो गया। वहीं सोनभद्र के स्थापना दिवस पर 11 निर्धन कन्याओं की शादी धूमधाम से संपन्न कराई गई। समूचा यज्ञ पंडाल वेद मंत्रों व हर हर महादेव के जयकारों से अभिगुंजित रहा। पहली बार कन्यादान महिलाओं के जरिए किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने वर वधुओं को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। अंत में बाजे गाजे के साथ तालाब में कलश का विसर्जन किया गया। वहीं श्रद्धालुओ ने चल रहे विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि 4 मार्च 1989 को मीरजापुर से पृथक हो कर सोनभद्र जनपद के नाम से सर्जना हुई, जिसका 35वां स्थापना दिवस शिवशक्ति के द्वार आर्यावर्त के प्रवेशद्वार शिवद्वार में विहंगम आभा से मण्डित समारोहों के समुच्चय स्वरूप में देखने को मिला। नौ दिवसीय विराट रुद्रमहायज्ञ के साथ ही प्रतिदिन हवन व भण्डारा



होता रहा। इस श्रृंखला का अंतिम सोपान समापन पर्व 4 मार्च को गरीब कन्याओं का वैवाहिक समारोह, आवश्यक समस्त सामग्री के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ की पूर्णाहुति व विवाह के संदर्भगत परिप्रेक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भरी सख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। 3 मार्च को मंडलायुक्त डॉ० मुथुकुमार स्वामी ने प्रशासनिक अमले के साथ शिवाशिव की संपृक्त प्रतिमा के दर्शन किये।कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज भिक्षु भोले सेवा ट्रस्ट यज्ञकार्य मे सन्नद्ध हैं तो सोन विन्ध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान के संस्थापक–संचालक डॉ० परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव "पुष्कर" पूरी टीम के साथ समर्पित रहे। शिवद्वार की मन्दिर सेवा समिति के पुजारी सुरेश गिरि जत्थे के साथ समुपस्थित रहे। ओबरा की यज्ञ सेवा समिति की कर्मठता भी अनूठी रही तो नौ दिवसीय चल रहे विराट रुद्रमहायज्ञ की समिति ने कहीं से भी कोई कोताही नहीं बरती जिसकी अध्यक्षता पंडित रामनिवास शुक्ल के गुरुतर दायित्व सँग समाहित रहा।यज्ञीय आयोजन में जनप्रतिनिधियों , प्रशासकों, श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम में हरिद्वार धाम से आये राघवेन्द्राचार्य की रामकथा मंदिर परिसर में सतत गतिमान रही तो नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ आचार्य राधाकृष्ण तिवारी, आचार्य राजेश त्रिपाठी, आचार्य व्यास रामजी शास्त्री, कौशल त्रिपाठी, रेवती तिवारी समेत आठ आचार्यो द्वारा संपन्न कराया गया। यज्ञ नारायण भगवान के मुख्य यजमान अजय कुमार मौर्य, रामपति साहू , राजनारायण पाल, रेवती तिवारी, सुरेश गिरी, उदय प्रताप सिंह, श्रीकांत दुबे, डॉ० परमेश्वर दयाल पुष्कर, राजेश कुमार पाठक, विवेक मालवीय, दीनदयाल केशरी,दीपक कुमार,विश्वनाथ विश्वकर्मा, परमानंद महाराज,शनि शंकर,दिन सेठ,संजय मोदनवाल,पप्पू पटेल, अजय गिरी, शालिग्राम साहू, हरीश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, मनोज केशरी, बुधिनारायण पाल, जवाहिर दुबे,लवकुश अग्रहरी, रामखेलावन समेत भक्तप्राण धर्मानुरागी रूद्र महायज्ञ, रामकथा व आरती पूजन में शामिल रहे। भक्तगणों ने भिखारी बाबा की कुटिया में पहुंचकर आशीर्वाद भी लिया। भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। उसके बाद बजे गाजे के साथ तालाब में कलश विसर्जन किया गया।

### 11 निर्धन कन्याओं की हुई शादी, सिर्फ महिलाओं ने किया कन्यादान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिले के स्थापना दिवस पर जिन 11 निर्धन कन्याओं की शादी हुई उसका कन्यादान सिर्फ महिलाओं ने किया। वंदा संग सूरज,जानकी संग अभय,मीनाक्षी संग शिवशंकर, काजल संग विद्यामतक, प्रीति यादव संग अजीत यादव,अंजली संग अखिलेश, चंदा संग राहुल,सुशीला संग बीफ कुमार,जानकी संग राम सिंह व नैंसी संग शुभम की शादी हुई है। इनका कन्यादान पूर्व में घोरावल थानाध्यक्ष रहे इंस्पेक्टर भारत भूषण तिवारी की माता भावना तिवारी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता तिवारी, जया तिवारी, चिंता मौर्य, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के संरक्षक सुशीला पाठक, विमला देवी,सरोज गिरी,संरक्षक श्रीकांत दुबे की माता सरस्वती, विमला देवी, संगीता देवी आदि शामिल रही।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने शाहगंज का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा थाना



शाहगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया । साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ितधशिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सूनने व उनके प्रार्थना–पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत–प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, मिशन शक्ति कक्षध्महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियों टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओंध्बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गये ।

## योग चला गांव की ओर , करें योग रहें निरोग

### राबर्ट्सगंज ब्लाक के तराबा गांव में पतंजलि योग समिति ने शुरू कराई योग कक्षा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज ब्लाक अंतर्गत तरावा गांव में रविवार को प्रातः 6:00 से 8:00 तक एक दिवसीय योग कक्षा शशिकांत तिवारी के परिसर मे शुरू हुई। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी व भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे के देखरेख में योग शुरू कराया गया। इस दौरान योग से होने वाले लाभ को बतलाया गया। गांव के लोग पतंजलि परिवार के लोगों को अपने बीच पाकर काफी खुशी महसूस किए तथा प्रतिदिन नियमित योग करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर लक्ष्मी शंकर देव पांडेय, राम नगीना, अंकुर तिवारी प्रदीप तिवारी ,मंगला देव पांडे ,सुशील तिवारी सहित काफी लोग उपस्थित रहें।

## त्यौहार को प्रेम व भाइचारे के साथ मनाएँ– मनोज कुमार राय

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी माधोपुर परिसर में होली व शबे बरात को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। मीटिंग में त्यौहार को शांतिपूर्वक,सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मिलकर मनाने की अपील की गई।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति–समृद्धि के साथ ही लोगों को संस्कारवान बनाती है।साथ ही साथ आपसी प्रेम और लगाव को बढ़ाते हुए होली सामाजिक समरसता एवं प्रेम का पर्व है।उन्होंने बताया कि किसी अफवाह पर ध्यान न दें।उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।जो भी व्यक्ति अशांति फैलाने का प्रयास किया करेगा,उसे बख्शा नहीं जाएगा। सभी क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी या अनहोनी होने की बात सामने आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अवैध रूप से बिकने वाली शराब की जानकारी दें।साथ ही अगर होली पर महिलाओं से कोई भी अभद्र व्यवहार करता है,तो उन व्यक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर चौकी इंचार्ज माधोपुर वीरेंद्र कुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता,कांस्टेबल दिनेश चौहान,कांस्टेबल अभिषेक प्रजापति, कांस्टेबल अभिषेक पांडेय, नंदलाल गौड़, आनंद यादव,महाजन गुप्ता (पूर्व जिला पंचायत सदस्य),मुन्ना सिंह (पूर्व प्रधान),नान्हे बाबा,रोहित दीक्षित, श्रीपाल गुप्ता,जावेद कोटेदार आदि संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# नगरीय निकायों में पुनरीक्षण कराये जाने के संबंध में अधिसूचना जारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतमबुद्ध नगर। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला मजिस्ट्रेटध जिला निर्वाचन अधिकारी(पंचायत एवं नगरीय निकाय) गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर वंदिता श्रीवास्तव ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का समय सारणी के अनुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने समय सारणी के संबंध में बताया कि 10 मार्च 2023 को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना, 18 मार्च से 22 मार्च 2023 तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण, 23 मार्च से 31 मार्च 2023 तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक सूचियों की पांडुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची–1 में समाहित करना, 1 अप्रैल 2023 को अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन जन सामान्य के लिए किया जाएगा।उन्होंने यह बताया कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित किए जाने के लिए दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट `मब.नच.दपब.पद पर ऑन लाइन आवेदन भी कर सकते है। उक्त समय सारणी के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि मतदाता सूची में अंकित कोई मतदाता सामान्यतः जिस वार्ड का निवासी है, उसका नाम उस वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित न होकर किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित हो गया है तो उसके नाम को उससे सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण एवं प्रकाशन वर्ष 2023 में हो रहा है। अतः ऐसे अर्ह नागरिक जो दिनांक 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हैं, उनके द्वारा अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए दावा प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे निर्वाचकों का नाम निर्वाचक नामवाली में सम्मिलित किए जाने के लिए प्राप्त दावों को स्वीकार करते हुए निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया जाएगा तथा जनसामान्य के लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की सार्वजनिक जानकारी समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय की निर्वाचन नामावली तैयार कराकर, उनके निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन एवं नियन्त्रण करना आयोग का संवैधानिक दायित्व है। अतः उपर्युक्त समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ायी जायेगी। निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी।

## 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराये– मनीष कुमार वर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतम बुद्ध नगर। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर वंदिता श्रीवास्तव ने दिनांक 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी सामान्य निर्वाचन–2023 से पूर्व नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के लिए अधिसूचना निर्गत की गई है, जिसके द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित किये जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन एवं विलोपन के लिए दावेध्आपत्तियां की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली वर्ष 2022 के आधार पर तैयार की गई है, इसलिए ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली में निर्वाचक की आयु वर्ष 2022 के अनुसार अंकित है। चूकि ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली में निर्वाचक की आयु वर्ष 2022 के अनुसार अंकित है अतः निर्वाचकों को आयु के सम्बन्ध में संशोधन के लिए आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ शशक्तिकरण अभियान का हुवा आयोजन।

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ



सशक्तिकरण अभियान विधानसभा गौरा के अंतर्गत मसकनवा फार्म हाउस पर आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला महामंत्री श्री राकेश तिवारी जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बूथ को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से ही लग जाने अपील किया इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा अपने संबोधन में बताया कि हर बूथ पर कम से कम 11 कार्यकर्ता व पेज प्रमुख बनाने का अपील किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे राघवेंद्र ओझा ,प्रमोद आर चंचल, दिनेश शुक्ला, जितेंद्र नाथ पांडे ,जसवंत सिंह ,सोहरथ वर्मा, शिव प्रसाद यादव, जितेंद्र नारायण सिंह ,यूपी सिंह ,श्रवण शुक्ला ,राजन पांडे ,विक्रम प्रसाद ,भूपेश मिश्रा ,राम तीरथ वर्मा, दीपक अग्रवाल, श्याम बरन पांडे, बेबी मोरिया, राम तिरथ वर्मा ,पप्पू सिंह , एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होली पर अश्लील, फूहड़ गीत कतई न बजें,न होने पाए माहौल खराब,योगी की गाइडलाइन

सुषमा सरोज/दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहार होली,चौत्र नवरात्र, रामनवमी, शब–ए–बारात, रमजान, नवरोज आदि पर्व–त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।बैठक में सीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों में माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। होली में अश्लील और फूहड़ गीत भी न बजने पाए।आस्था का सम्मान किया जाए और अराजकता पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए।सीएम योगी ने कहा कि शोभायात्राध्जुलूस में ऐसी कोई भी गतिविधि न हो जो दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को उत्तेजित करे। होली में अश्लीलध्फूहड़ गीत न बजे।कोई घटना छोटी नहीं, सूचना मिलते ही तत्काल वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचें। सीएम ने लोगों से अपील की कि पर्व–त्योहारों पर अफवाह से सावधान रहें।प्रशासनिक अधिकारी धर्मगुरुओं, प्रबुद्धजन से संवाद करें।सीएम योगी ने निर्देश दिया कि शोभायात्राध्जुलूस के रूट पर विशेष साफ–सफाई हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाय। मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में होलिकोत्सव, शब–ए–बारात, रमजान, नवरोज, चौत्र नवरात्र, राम नवमी आदि महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला, रेंज, जोन व मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी गणों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।सीएम योगी ने कहा कि होली के मौके पर कतिपय शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। पीआरवी 112 एक्टिव रहे।सोशल मीडिया को लेकर अलर्ट रहें।

# होली खेलने के लिए घर पर इस तरह बनाएं रंग, त्वचा संबंधित समस्याओं से रहेंगे दूर



होली रंगों का त्योहार है और इस साल यह 8 मार्च को मनाई जाएगी। हर इंसान को होली का बेसब्री से इंतेजार होता है, क्योंकि इसमें रंगों से खेलने का मजा भी अलग होता है। हालांकि, बाजारों में मिलने वाले रसायन युक्त रंगों से त्वचा संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इस कारण इनकी जगह घर पर प्राकृतिक रंग बनाना एक बढिया विकल्प है। आइए आज हम आपको होली खेलने के लिए 6 रंग बनाने के कुछ तरीके बताते हैं।

होली के लिए इस तरह बनाए लाल रंग

तरीका 1रू सबसे पहले लाल गुलाब की पंखुडियों को अच्छे से धूप में सुखा लें। इसके बाद सभी पंखुडियों को मिक्सर में डालकर पाउडर बना लें। इसके लिए आप गुलाब की पंखुडियों की जगह लाल गुड़हल की पंखुडियां भी चुन सकते हैं। तरीका 2रू पानी आधारित प्राकृतिक लाल रंग तैयार करने के लिए लाल रंग की गुलाब की पंखुडियों या अनार के छिलकों को पानी में लाल होने तक अच्छे से उबालें। इसके बाद पानी को छान लें।

होली के लिए पीला रंग बनाने का तरीका

तरीका 1रू सबसे पहले बेसन और हल्दी को 1रू2 के अनुपात में मिलाएं। इस मिश्रण को समान रूप से मिलाने के लिए दोनों हथेलियों से रगड़ें। इसका बारीक पाउडर बनाने के लिए इस मिश्रण को 2–3 बार छान लें। तरीका 2रू यदि आप पानी आधारित पीला रंग बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए पानी में कुछ गेंदे के फूलों को उबालें या पानी में हल्दी मिलाएं।

इस तरह बनाए नीला रंग

होली खेलने के लिए नीला रंग बनाने के लिए जकरांदा के फूलों (नील गुलमोहर) या नीले मटर के फूल की कुछ पंखुडियों को सुखा लें। जब सभी पंखुडियां अच्छे से सूख जाएं, तो उन्हें पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर में आप आटा भी मिला सकते हैं। जकरांदा का फूल गर्मी के मौसम में खिलता है और आसानी से मिल जाता है। इससे तैयार मिश्रण त्वचा को नमी देने का काम करेगा।

इन तरीकों से बनाए हरा रंग

तरीका 1रू हरा रंग बनाने के लिए मेंहदी पाउडर और आटे को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस बात का ध्यान रखें कि आप जिस मेंहदी पाउडर का इस्तेमाल कर रहे हैं वह रासायनिक के बजाय प्राकृतिक हो। तरीका 2रू यदि आप पानी आधारित हरा रंग बनाना चाहते हैं तो इसके लिए पानी में कुछ ताजे पुदीने के पत्ते डालकर अच्छे से उबालें। जब यह पानी ठंडा हो जाए तो होली खेलने के लिए इसका इस्तेमाल करें।

नारंगी रंग बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके

तरीका 1रू होली के लिए नारंगी रंग बनाने के लिए टेसू के फूल की कुछ पंखुडियां लें और उन्हें सुखा लें। पंखुडियों के पूरी तरह से सूख जाने और करारे होने पर उन्हें पीसकर बारीक पाउडर बना लें। तरीका 2रू टेसू के फूलों की जगह आप संतरे के कुछ छिलके भी सुखा सकते हैं और फिर उन्हें मकई के आटे और हल्दी के साथ पीसकर पाउडर बना लें। पाउडर को चिकना करने के लिए 2–3 बार छान लें।

घर पर इस तरह बनाए गुलाबी रंग

गुलाबी रंग बनाने के लिए 2 चुकंदर को कद्दूकस करके 1 कप पानी में मिला लें। अब इसे छान लें और फिर इसमें 1 बड़ी चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इसके बाद छाने हुए पानी में टेलकम पाउडर या 3 कप मकई का आटा डालकर अच्छे से मिलाएं ताकि इसमें कोई गांठ न रह जाए। जब यह अच्छे से मिल जाए तो इसे धूप में सूखने के लिए रख दें और फिर से अच्छी तरह मिलाकर इस्तेमाल करें।

## दिनेश विजान की अगली हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी शारवरी वाघ

फिल्म निर्माता दिनेश विजान ने साल 2019 में अपनी तीसरी हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंझा की घोषणा की थी। इससे पहले वो श्रद्धा



कपूर और राजकुमार राव की स्त्री और जान्हवी कपूर की रूही का निर्माण कर चुके हैं। हालांकि, महामारी के साथ स्क्रिप्ट में बदलाव के कारण मुंझा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म पर फिर से काम शुरू हो गया है और मुंझा में शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री शरवरी को फिल्म मुंझा में मुख्य किरदार निभाने के लिए चुना गया है। फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई है। अभी फिल्म की कहानी का खुलासा नहीं हुआ है। मुंझा में स्त्री से श्रद्धा का और रूही से जान्हवी का किरदार फिल्म में दिखाया जाएगा। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।




## यामी गौतम की अगली फिल्म चोर निकल के भागा 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



हाल ही में यामी गौतम की वेब सीरीज लास्ट ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी। अब उनकी एक और फिल्म का ओटीटी पर प्रदर्शन होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भाग आगामी 24 मार्च को स्ट्रीमिंग की जाएगी। तेज–तर्रार डकैती–थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली यह फिल्म अजय सिंह द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के अमर कौशिक और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है।

शरद केलकर अभिनीत, चोर निकल के भागा एक एयर होस्टेस और उसके व्यवसायी प्रेमी की कहानी है, जो एक ऋण शार्क के चंगुल से खुद को मुक्त करने के लिए हीरे चोरी करने के मिशन पर हैं। हालाँकि, डकैती बुरी तरह से गलत हो जाती है जब हीरों को ले जाने वाला विमान ही बंधक स्थिति में फंस जाता है। अजय सिंह ने कहा कि चोर निकल के भागा में काम करना एक रोमांचकारी, रोलर कोस्टर राइड साबित हुआ।

यामी और सनी को निर्देशित करना और इस फिल्म को उनके प्रदर्शन के माध्यम से देखना और कथानक रोमांचक था और मैं नेटफ्लिक्स के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों को हमारे प्यार के अनुभव का इंतजार नहीं कर सकता।

निर्देशक ने कहा, मैडॉक हमेशा उन कहानियों पर जोर देता रहा है जो वे बताते हैं और नेटफ्लिक्स द्वारा इन कहानियों को एक मंच देने से यह और भी खास हो जाता है। अमर कौशिक और दिनेश विजान ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार कहानी सुनी तो वे इस परियोजना का हिस्सा बनना चाहते थे।

हम कहानी दिखाने के लिए एक नई जोड़ी चाहते थे और फिल्म कैसे सामने आती है। यामी और सनी इस भूमिका में पूरी तरह फिट हैं। यह फिल्म एक हेस्ट थ्रिलर है, जो भारतीय मनोरंजन उद्योग से बाहर आने वाली बहुत कम फिल्मों में से एक है और नेटफ्लिक्स हमेशा अलग–अलग कहानियों का समर्थन करता है, हमें पता था कि हमें इस शीर्षक पर एक साथ काम करना होगा।

उन्होंने कहा, दुनिया भर के दर्शक आनंद लेने के लिए दिलचस्प फिल्मों की तलाश में हैं और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें संतुष्ट करेगी।

## थलापति विजय की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले ही कमा डाले 400 करोड़ !!

साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की अपकमिंग फिल्म लियो को लेकर इन दिनों खासा बज है। फिल्म को निर्देशक लोकेश



कनगराज बना रहे हैं। जो पहले ही ब्लॉकबस्टर फिल्में कैथी, विक्रम और मास्टर के साथ अपनी अलग फैन फॉलोइंग बना चुके हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज और थलापति विजय साथ मिलकर इससे पहले मास्टर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म भी दे चुके हैं। कुल मिलाकर इन सभी वजहों से फैंस के बीच फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज है। इससे पहले ही इस फिल्म को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने रिलीज से पहले ही करीब 400 करोड़ रुपये का प्री–रिलीज बिजनेस कर लिया है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि थलापति विजय की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले ही 400 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने ये रकम सैटेलाइट, डिजीटल, म्यूजिक और थियेट्रिकल राइट्स बेचकर हासिल किए हैं।

## घुटनों को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं ये 5 एक्सरसाइज



घुटने की अधिकतर समस्याएं मोटापा, चोट, खराब मुद्रा, अर्थराइटिस, आराम की कमी या एक्सरसाइज से पहले और बाद में वार्मअप या कूल डाउन न होने के कारण हो सकती हैं। यह समस्या काफी तकलीफदेय होती है। ऐसे में आपको डॉक्टर की अनुमति लेने के बाद घुटने को तेजी से ठीक करने और मजबूत बनाने वाली एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। आइए आज हम आपको घुटनों को मजबूती देने वाली 5 एक्सरसाइज बताते हैं। लेग रेजः इसके लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। इस दौरान दोनों हाथों को सीधा फर्श से चिपका के रखें, जिसमें हथेली नीचे के तरफ जमीन से जुड़ी रहें। अब सांसों को सामान्य रखते हुए दोनों पैरों को ऊपर की ओर ऐसे सीधा करें कि शरीर से 90 डिग्री का कोण बन जाएं। दोनों पैरों को इस स्थिति में 15 से 20 सेकंड के लिए रोक कर रखें और फिर प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। हैमस्ट्रिंग स्ट्रेचः सबसे पहले एक स्टूल लें और उसके आगे एकदम सीधे खड़े हो जाएं। अब बाएं पैर की एडी को स्टूल के ऊपर रख लें और बाएं हाथ को बाएं पैर की उंगलियों तक पहुंचाएं। ऐसा करते वक्त पीठ सीधी होनी चाहिए और नितंब के पीछे हल्का स्ट्रेच महसूस होना चाहिए। कुछ देर के लिए इसी अवस्था में रहें और फिर सामान्य हो जाएं। दोनों पैरों से 20–30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। हैमस्ट्रिंग कर्लः सबसे पहले एक कुर्सी के पीछे खड़े होकर दोनों हाथ बैकरेस्ट पर रखें। अब दाएं पैर को फर्श से ऊपर उठाएं और थोड़ा रूककर पैर को वापस फर्श पर रखें। ऐसा ही बाएं पैर से भी करें। इस अभ्यास को 15 बार दोहराएं। कुछ दिनों या हफ्तों तक अपने हाथों को बैकरेस्ट पर टिकाकर यह एक्सरसाइज करें। एक बार जब आप इसमें सहज हो जाएं तो संतुलन सुधारने के लिए हाथों को बैकरेस्ट से हटा लें। वॉल सिटः इसके लिए सबसे पहले एक चिकनी दीवार से पीठ के सहारे सटकर सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैरों को दीवार से लगभग 1.5 फुट की दूरी पर रखें और दोनों हाथों को सामने की ओर सीधा कर लें। इसके बाद धीर–धीरे पैरों को घुटनों से मोड़कर अपने कूल्हों को थोड़ा नीचे की ओर लाएं। इस स्थिति में आप एक कुर्सी पर बैठे हुए दिखाई देंगे। 20 से 30 सेकेंड इस स्थिति में रहने के बाद धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं। ब्रिजः सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। इसके बाद पैरों को इस तरह से मोड़ें जिससे शरीर का निचला हिस्सा ब्रिज जैसा दिखने लगे। इस दौरान दोनों हाथों को एडियों के करीब लाने की कोशिश करें। अब नितंबों को धीरे–धीरे एक मिनट तक ऊपर–नीचे करें। यह ब्रिज एक्सरसाइज का एक रेप्स है। ऐसे कम से कम 5 रेप्स करें। आप चाहें तो अपनी सुविधा के लिए सिर के नीचे एक तौलिए को लपेटकर रख सकते हैं।